पेज @ 09



एलीट मिस राजस्थान बनीं पीहू चौधरी

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 328 जयपुर, सोमवार, 06 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

विधानसभा चुनाव 2023




कांग्रेस की छट्टी गारंटी

राजस्थान के 1 करोड़ 4 लाख परिवारों को

₹500 में गैस सिलिंडर

कांग्रेस फिर से!




गारंटी में अपना नाम दर्ज कराने के लिये मिस्ड कॉल दें 8587070707

## भाजपा और कांग्रेस की अंतिम सूची जारी: सभी 200 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

# सिविल लाइंस से गोपाल शर्मा आदर्श नगर से नैय्यर मैदान में

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा 2023 के चुनावी रण को लेकर भाजपा ने रविवार को 15 प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की। इसके बाद देर रात शेष बची तीन सीटों की लिस्ट भी जारी कर दी। यानी पूरे 200 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। भाजपा ने अभी बाड़ी, पचपदरा और बाड़मेर सीट को होल्ड पर रखा है। रविवार को जारी सूची में पहले से तय 2 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं। पार्टी ने दो नवंबर को जारी तीसरी सूची में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी की पुत्रवधू पूनम कंवर भाटी को कोलायत से और बारां-अटरू सीट से सारिका चौधरी को टिकट दिया था। नई सूची में कोलायत से पूनम कंवर की जगह अंशुमान सिंह भाटी को टिकट दिया गया है। वहीं, बारां-अटरू से सारिका चौधरी की जगह राधेश्याम बैरवा को टिकट दिया गया है। भाजपा ने 200 सीटों में एक पर भी कोई मुस्लिम चेहरा मैदान में नहीं उतारा है।



शाहपुरा@ उपेन यादव



आदर्श नगर@ रवि नैय्यर



किशनपोल@ चन्द्रमोहन बटवाड़ा



सिविल लाइंस@ गोपाल शर्मा

सभी फोटो: पंकज शर्मा

### 11 नए चेहरे मैदान में

इस सूची में 11 नए चेहरे उतारे हैं। इनमें अमित चौधरी, अंशुमान सिंह भाटी, उपेन यादव, गोपाल शर्मा, चंद्रमोहन बटवाड़ा, रवि नैय्यर, नीरजा शर्मा, अभिषेक सिंह, डॉ. केजी पालीवाल, प्रेमचंद गोचर और राधेश्याम बैरवा शामिल हैं। हनुमानगढ़ से पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप की जगह उनके बेटे अमित चौधरी को तो राजाखेड़ा से अशोक शर्मा की पत्नी नीरजा शर्मा को टिकट दिया है।

### इन्हें मिला मौका

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हनुमानगढ़ | अमित चौधरी |
| 2. | कोलायत | अंशुमान सिंह भाटी |
| 3. | सरदारशहर | राजकुमार रिणवा |
| 4. | शाहपुरा | उपेन यादव |
| 5. | सिविल लाइंस | गोपाल शर्मा |
| 6. | किशन पोल | चन्द्रमोहन बटवाड़ा |
| 7. | आदर्श नगर | रवि नैय्यर |
| 8. | भरतपुर | विजय बंसल |
| 9. | राजाखेड़ा | नीरजा अशोक शर्मा |
| 10. | मसूदा | अभिषेक सिंह |
| 11. | शेरगढ़ | बाबू सिंह राठौड़ |
| 12. | मावली | डॉ. के.जी. पालीवाल |
| 13. | पीपल्दा | प्रेमचन्द गोचर |
| 14. | कोटा उत्तर | प्रहलाद गुंजल |
| 15. | बारां-अटरू | राधेश्याम बैरवा |

### देर रात इन तीन की सूची जारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बाड़ी | गिर्राज सिंह मलिंगा |
| 2. | बाड़मेर | दीपक कड़वासरा |
| 3 | पचपदरा | अरुण अमराराम चौधरी |

### वसुंधरा के करीबी 6 को टिकट, कुछ को निराशा

इस सूची में वसुंधरा गुट के माने जाने वाले छह लोगों को टिकट मिला हैं। इनमें प्रहलाद गुंजल, अमित चौधरी, अंशुमान भाटी, विजय बंसल, नीरजा शर्मा और बाबू सिंह राठौड़ शामिल हैं। वहीं राजे के बेहद करीब माने जाने वाले अशोक परनामी, राव राजेन्द्र सिंह, मोहनलाल गुप्ता, धर्मनारायण जोशी, अशोक पींचा और सुशील कंवर पलाड़ा का टिकट काटा गया है। इस सूची में प्रहलाद गुंजल, भरतपुर से विजय बंसल और शेरगढ़ से बाबू सिंह राठौड़ के टिकट रिपीट किए हैं।

# धारीवाल कोटा, जाहिदा कामां और हरेंद्र नागौर से प्रत्याशी



शांति धारीवाल



जाहिदा खान



हरेंद्र मिर्धा



वेद प्रकाश

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस ने अपनी सातवीं और अंतिम सूची रविवार को जारी कर दी। इस सूची में अब तक बकाया 21 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। इसके बाद कांग्रेस ने 199 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। एक सीट आरएलडी को दी है। अब तक की सभी सूचियों में टिकट पाने से वंचित रहे मंत्री शांति धारीवाल को आखिरी सूची में जगह मिली और आखिरकार फिर से कोटा उत्तर से प्रत्याशी बनाया गया। वहीं, सचिन पायलट के कट्टर समर्थक माने जाने वाले वेदप्रकाश सोलंकी को भी अंततः चाकसू से मैदान में उतारा गया है। ये दोनों सीटें गहन मंथन के बाद फाइनल हुईं। इस सूची से यह भी स्पष्ट हो गया कि नागौर में मिर्धा परिवार का वर्चस्व अब फिर उभरने लगा है। जहां बीजेपी ने कांग्रेस से आई ज्योति मिर्धा को टिकट दिया, वहीं तेजपाल और हरेंद्र मिर्धा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। ज्योति मिर्धा नाथूराम मिर्धा की पोती है, जबकि हरेंद्र उनके चाचा रामनिवास मिर्धा के पुत्र हैं।

### दिन में बीजेपी से कांग्रेस में शामिल, रात में मिला टिकट

रविवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए कर्नल सोनाराम चौधरी और प्रशांत सिंह परमार को कांग्रेस ने टिकट दे दिया। देर रात जारी हुई कांग्रेस की अंतिम सूची में कर्नल चौधरी को गुड़ामालानी से और प्रशांत सिंह परमार को बाड़ी से टिकट दिया गया। वहीं दो दिन पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस पाले आई साध्वी अनादि सरस्वती को अजमेर उत्तर सीट से कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया है। यहां से कांग्रेस ने महेंद्र सिंह रलावता को टिकट दिया है।

### गुड़ामालानी से कर्नल सोनाराम



कांग्रेस ने गुड़ामालानी से कर्नल सोनाराम, खींवसर से हनुमान बेनीवाल के सामने कुचेरा नगरपालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा को टिकट दिया गया है। गौरतलब है कि तेजपाल मिर्धा डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा के छोटे भाई है। वहीं नागौर से भाजपा की ज्योति मिर्धा के सामने पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा को उतारा गया है। इसके साथ ही धोद से विधायक परसराम मोरदिया की जगह नए चेहरा जगदीश दानोदिया को टिकट दिया गया है।

### इन्हें मिला टिकट

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उदयपुरवाटी | भगवान राम सैनी |
| 2. | खेतड़ी | मनीषा गुर्जर |
| 3. | धोद | जगदीश दानोदिया |
| 4. | झोटवाड़ा | अभिषेक चौधरी |
| 5. | चाकसू | वेदप्रकाश सोलंकी |
| 6. | कामां | जाहिदा खान |
| 7. | टोडाभीम | घनश्याम मेहर |
| 8. | बाड़ी | प्रशांत सिंह परमार |
| 9. | अजमेर उत्तर | महेंद्र सिंह रलावता |
| 10. | नागौर | हरेंद्र मिर्धा |
| 11. | खींवसर | तेजपाल मिर्धा |
| 12. | सुमेरपुर | हरिशंकर मेवाड़ा |
| 13. | गुड़ामालानी | कर्नल सोनाराम |
| 14. | चित्तौड़गढ़ | सुरेंद्र सिंह जाड़ावत |
| 15. | शाहपुरा | नरेंद्र कुमार रैगर |
| 16. | पीपल्दा | चेतन पटेल |
| 17. | कोटा उत्तर | शांति धारीवाल |
| 18. | कोटा दक्षिण | राखी गौतम |
| 19. | रामगंज मंडी | महेंद्र राजौरिया |
| 20. | किशनगंज | निर्मला सहरिया |
| 21. | झालरापाटन | रामलाल चौहान |

### राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के सामने अभिषेक चौधरी

कांग्रेस की अंतिम सूची में झोटवाड़ा विधानसभा सीट से गहलोत गुट के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी को टिकट दिया गया है। चौधरी के सामने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को टक्कर देंगे। बता दें, अभिषेक लोहावट से टिकट मांग रहे थे।

## जरूरी खबर

### FPI ने नवंबर में शेयरों से 3,400 करोड़ निकाले



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला नवंबर में भी जारी है। पश्चिम-एशिया में तनाव तथा बढ़ती ब्याज दरों के बीच एफपीआई ने नवंबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 3,400 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। इससे पहले अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजारों से 24,548 करोड़ रुपए और सितंबर में 14,767 करोड़ निकाले थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपए डाले थे।

## ये भी देखें...

सिविल कॉन्ट्रेक्टर निलेश के आईटी छापा पूरा पेज-2

गणपति प्लाजा के लॉकर उगल रहे नकदी व सोना पेज-3

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय एजेंसियों को लेकर घेरा मोदी सरकार को, बोले...**

# चुनाव के दौरान ईडी के छापे खड़े कर रहे कई सवाल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए वो प्राथमिकता के साथ पूरे किए हैं और राजस्थान की जनता को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राहत प्रदान करने काम किया है। वहीं जोधपुर में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। इससे उनकी पोल भी खुल रही है। हम भी चाहते हैं कि बड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो, जिनके लिए ईडी बनी है, लेकिन चुनाव के दौरान ईडी के छापे कई सवाल खड़े कर रहे हैं। जिस तरह यहां कांग्रेसी नेताओं के आवासों पर छापेमारी की जा रही है, उससे एजेंसी की अहमियत भी कम हो रही है।

ईडी की कार्रवाई सिर्फ विपक्षी पार्टियों तक ही क्यों सीमित है। इसका कोई जवाब नहीं हैं। वह भी ईडी व आईटी तब आ रही है, जब चुनाव सिर पर हैं। चुनाव आयोग को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। यह दुरुपयोग हैं।

### सीएम आज भरेंगे नामांकन



**टिकट तो एक को ही मिलता है:** गहलोत ने टिकट वितरण के बाद सामने आ रही बगावत को लेकर कहा कि नाराजगी स्वाभाविक है, लेकिन टिकट तो एक व्यक्ति को ही मिलता है। हम सबसे बात कर उन्हें मना लेंगे। सबका अब एक ही लक्ष्य है कि सभी बातों को भूलकर राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को रिपीट करना है। केरल में सरकार रिपीट हुई तो राजस्थान में भी होगी। इसकी वजह केरल की सरकार ने कोरोना के समय उचित व्यवस्था की थी राजस्थान में हमारी सरकार ने भी ऐसा ही किया।

### आज खरगे... कल शाह और 9 को आएंगे मोदी

सीएम गहलोत सरदारपुरा से अपना नामांकन सोमवार सुबह 11 बजे भरेंगे। नामांकन के बाद उम्मेद स्टेडियम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा होगी। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 7 नवंबर को परबतसर दौरा प्रस्तावित है। वहीं, 9 को उदयपुर के बलीचा स्थित कृषि उपज मंडी में शाम 4 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी।

# 22 एप व वेबसाइट पर IT मंत्रालय ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने देश में अवैध सट्टेबाजी पर नकेल कसते हुए 22 अवैध एप और वेबसाइट पर प्रतिबंध लगा दिया है।

प्रतिबंध आदेश के मुताबिक अवैध सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल एप्लिकेशन (एप) और वेबसाइट को ब्लॉक किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के मुताबिक महादेव बुक और रेड्डीअन्नाप्रिस्टोप्रो सहित 22 अवैध सट्टेबाजी एप और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई अवैध सट्टेबाजी ऐप सिंडिकेट के खिलाफ ईडी द्वारा की गई जांच और उसके बाद छत्तीसगढ़ में महादेव एप पर छापे के बाद हुई है।

केंद्र सरकार के बयान के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार के पास आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत वेबसाइट/एप को बंद करने की सिफारिश करने की पूरी शक्ति थी। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया।

**35वें बर्थडे का सुपर सेलिब्रेशन... विराट तेरा नाम रहेगा**

# मॉडर्न मास्टर विराट ने 49वां शतक ठोक की सचिन की बराबरी

- कोहली आज फिर बने टीम इंडिया के संकटमोचक
- द. अफ्रीका के सामने क्रिकेट के मक्का ईडन गार्डन में जड़ा ऐतिहासिक शतक
- भारत ने द.अफ्रीका को 243 रनों से धोया, विराट रहे मैन ऑफ द मैच

**एजेंसी** | कोलकाता

भारतीय टीम के चेज मास्टर और मॉडर्न ब्लास्टर विराट कोहली ने रविवार को क्रिकेट के मक्का माने जाने वाले ईडन गार्डन मैदान पर अपना 49वां बर्थडे शतक ठोक कर अपने आदर्श मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के वनडे शतकों के कीर्तिमान की बराबरी कर ली।

कोहली का रविवार को बर्थडे भी था, जाहिर है इस दिन का इससे बेहतर सेलिब्रेशन हो ही नहीं सकता था। नाबाद 101 रन, वह भी धीमी और स्पिन लेती कठिन पिच पर। बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 में विराट कोहली के बल्ले से यह दूसरा शतक निकला है।

### टॉप 3 में भारतीय बैटर का कब्जा

अगर वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो पहले तीन स्थानों पर भारतीय बल्लेबाजों का कब्जा है। सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 49–49 शतक हैं, जबकि तीसरे नंबर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने वनडे क्रिकेट में 31 शतक लगाए हैं। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर 30 शतक के साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग हैं।

### सचिन बोले दिल जीतने वाली बात

सचिन ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने पर कोहली की जमकर तारीफ की और इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सचिन ने कहा कि मैं इसी साल 50 वर्ष का हुआ हूं। मुझे 49 से 50 साल का होने में 365 दिन लगे थे, मगर मुझे उम्मीद है कि तुम 49 से 50वां शतक लगाने में देरी नहीं करोगे। यह रिकॉर्ड जल्द टूटेगा।



### गॉड को यूं कहा 'थैंक्स'

कोहली ने भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मैं खेलने का मौका देने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए भगवान का आभारी हूं। इस महान स्थल पर इतनी बड़ी भीड़ के सामने अपने जन्मदिन पर शतक बनाना बहुत अच्छा है।

### द. अफ्रीका की सबसे बड़ी हार, जड्डू ने कर दिया नेस्तनाबूद

भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। रोहित, विराट और श्रेयस की शानदार पारियों की बदौलत टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 326 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका 83 रन पर ढेर हो गई। यह द.अफ्रीका की सबसे बड़ी वनडे हार है। जडेजा ने मात्र 33 रन देकर 5 विकेट लिए।

## जरूरी खबर

### टिकट कटने के बाद भावुक हुए खिलाड़ी लाल



**बेधड़क, जयपुर।** बसेड़ी विधानसभा से कांग्रेस के विधायक रहे खिलाड़ी लाल बैरवा का टिकट कटने के बाद वह भावुक हो गए। रविवार को वे एक जनसभा में वह भावुक होकर मंच पर रोने लगे। बैरवा ने कहा कि आप ने पार्टी से भी अधिक प्रेम दिया है। ऐसे में मैं क्षेत्र की जनता को पीठ दिखाकर नहीं जाऊंगा। जितना आप लोगों ने मुझे दिया है, वो पार्टी से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन भी देखने को मिलेगा।

### भाजपा ने संदीप दायमा को पार्टी से किया निष्कासित

**बेधड़क, जयपुर।** भाजपा ने रविवार को अलवर में अपने नेता संदीप दायमा को हाल ही में तिजारा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक रैली के दौरान गुरुद्वारा और मस्जिद पर टिप्पणी करने को लेकर पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा राजस्थान की अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत ने कहा, पार्टी की विचारधारा के खिलाफ बयान देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर संदीप दायमा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी उम्मीदवार बाबा बालकनाथ के नामांकन के दौरान तिजारा में आयोजित रैली में दायमा ने विवादित बयान दिया था।

### कांग्रेस के सी का मतलब करप्शन, क्राइम, चिटिंग



**बेधड़क, जयपुर।** भाजपा प्रवक्ताओं ने सोमवार को जयपुर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि कांग्रेस के सी का मतलब करप्शन, क्राइम और चिटिंग है। उन्होंने कहा कि इन पांच सालों में कांग्रेस के विधायकों ने सरकार नाम की लूट मचा रखी है। उन्होंने कहा कि अब सरकार की विदाई तय है। वहीं पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि नारी सुरक्षा से खिलवाड़ हमारी संस्कृति और आस्था से खिलवाड़ है। नारी सुरक्षा से खिलवाड़ में सदैव कांग्रेस का साथ और कांग्रेस का हाथ है। प्रदेश महिला उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों में नंबर वन चल रहा है।

---

**सिविल लाइंस से भाजपा ने अरुण चतुर्वेदी का टिकट काटा, राजपाल झोटवाड़ा से निर्दलीय ठोकेंगे ताल**

# भाजपा और कांग्रेस के कई बागी नेता आज भरेंगे नामांकन

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस की सूचियां जारी होने के बाद दोनों पार्टियों में बगावती सुर बढ़ते जा रहे हैं। भाजपा की छठी सूची के बाद कई विधानसभाओं में विरोध बढ़ गया है।

हालांकि दोनों पार्टियां अपने रूठों को मना कर डेमेज कंट्रोल करने की जुगत कर रहीहैं लेकिन नेता अपने टिकट कटने के बाद समर्थकों के साथ पार्टियों पर दबाव बना रहे हैं। गौरतलब है कि सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन हैं। ऐसे में अब कई बागी नेता सोमवार को को नामांकन करेंगे। रविवार को जोधपुर की सूरसागर सीट और बाड़मेर की शिव सीट पर नेताओं ने खुलकर विरोध जताया। सीएम अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले सूरसागर से पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा- मेरी सीएम गहलोत से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन उन्होंने सूरसागर के कार्यकर्ताओं को अनसुना करके गलत किया है। एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश मीणा ने भी कांग्रेस यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।



*अरुण चतुर्वेदी के समर्थक नाराजगी जताते हुए।*

### जयपुर में भी विरोध जारी

भाजपा व कांग्रेस लगातार डेमेज कंट्रोल को लेकर प्रयास कर रही है। लेकिन जयपुर में टिकट कटने से नाराज दावेदारों के समर्थक लगातर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सिविल लाइंस से टिकट कटने से अरुण चतुर्वेदी के समर्थकों ने गोपाल शर्मा को टिकट मिलने का विरोध किया। वहीं रणजीत सिंह के समथर्कों ने गो बैक के नारे लगाए। इसके साथ ही झोटवाड़ा में राजपाल सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इसी तरह कांग्रेस की कई सीट जिसमें आदर्शनगर से अमीन कागजी के विरोध में उम्रदराज मैदान में उतर चुके हैं। वहीं चौमूं कांग्रेस की टिकट को लेकर काफी विरोध है तो शाहपुरा सीट पर भी भाजपा के टिकट को लेकर विरोध हैं। आज नामांकन के अंतिम दिन सभी तस्वीर साफ होगी।

### शिव सीट से दोनों पार्टियों के बागी आज भरेंगे पर्चा

बाड़मेर की शिव सीट पर भी भाजपा और कांग्रेस को विरोध झेलना पड़ रहा है। भाजपा में आने के 8 दिन बाद ही रविंद्र सिंह भाटी ने बगावती तेवर दिखा दिए हैं। भाटी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सोमवार को नामांकन भरने के को लेकर समर्थकों से जुटने का आह्वान किया है। वहीं शिव से पूर्व भाजपा विधायक जालम सिंह रावलोत, शिव के पूर्व भाजपा प्रत्याशी खंगारसिह सोढ़ा भी टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर नामांकन दाखिल कर रहे हैं। इधर, कांग्रेस से शिव से टिकट नहीं मिलने पर जिलाध्यक्ष फतेह खान ने भी नॉमिनेशन करने की घोषणा कर दी है।

### सूरसागर से बगावती तेवर

जोधपुर में सूरसागर सीट से कांग्रेस ने पूर्व प्रत्याशी प्रोफेसर अयूब खान के बेटे शहजाद खान को टिकट दिया है। टिकट देने के बाद कांग्रेस नेताओं ने बगावती तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को रामेश्वर दाधीच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नाराजगी जताई। दाधीच ने कहा कि वह पार्टी के इस फैसले से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

### यूनुस खान भरेंगे निर्दलीय पर्चा

राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता यूनुस खान ने डीडवाना टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। यूनुस खान ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ रैली निकाल कर सभा की। इस दौरान यूनुस खान ने बीजेपी छोड़ने का ऐलान किया। वो सोमवार को डीडवाना से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे।

---

**विधानसभा चुनाव 2023: टिकट कटने से नाराज नेता बदल रहे दल**

# हाथ के साथ हुए कर्नल, मलिंगा सहित कई नेता BJP में शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

विधान चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर राजनीतिक दलों की मशक्कत जारी है। बीजेपी ने छह सूची जारी कर राजस्थान के 200 विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं, वहीं सात सूचियों के साथ कांग्रेस भी 199 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने एक सीट आरएलडी के लिए छोड़ी है।

इस बीच दोनों ही दलों को टिकट कटने से नाराज नेताओं का विरोध झेलना पड़ रहा है। इनमें से कुछ नेता दूसरे दलों में शामिल हो गए हैं तो कुछ निर्दलीय ताल ठोकने के लिए तैयार हैं।

इस बीच रविवार को कई नेताओ ने कोंग्रस को छोड़कर भाजपाका दामन थाम लिया। प्रदेश की राजनीती के दो चर्चित नाम विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और कर्नल सोनाराम में अपना पाला बदल लिया हैं। विधायक मलिंगा भाजपा में तो वहीं कर्नल सोनाराम कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने बाड़ी, बाड़मेर और पचपदरा सीट पर रविवार को उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया।

बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर कांग्रेस में शामिल हुए गिर्राज सिंह मलिंगा के भाजपा में शामिल होने के बाद अब पार्टी उन्हें बाड़ी से उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम को बाड़मेर के गुड़ामालानी से पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने रविवार शाम को अपनी सातवीं सूची जारी कि जिसमें सोनाराम का टिकट फाइनल किया गया।

### ■ मलिंगा से तो कर्नल सोनाराम गुड़ामालानी से लड़ सकते हैं चुनाव

**इन नेताओं ने जॉइन की भाजपा**

प्रदेश में चुनाव से पहले भाजपा का राजस्थान में कुनबा बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को भाजपा मीडिया सेंटर पर धौलपुर के बाड़ी से कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए। इनमें धौलपुर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मुस्ताक अहमद खान, बाल कल्याण समिति धौलपुर के रवि पचौरी, जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के सचिव दीप सिंह कुशवाह, यूथ कांग्रेस धौलपुर के सचिव मांगीलाल शर्मा, जिला महामंत्री रामवरण शर्मा भाजपा में शामिल हुए। वहीं आम आदमी पार्टी के युवा विंग राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अनुराग सिंह बराड़ ने भी भाजपा का दामन थामा।

### विवादों में रहे हैं मलिंगा



- 2008 में बसपा से पहली बार बाड़ी से चुनाव जीते।
- 2013 में मोदी लहर के बीच जीत दर्ज करने में कामयाब
- 2018 में बसपा से चुनाव जीतकर कांग्रेस को समर्थन दिया
- गहलोत सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 6 बसपा विधायकों में से एक

गिर्राज मलिंगा का विवादों से भी लंबा नाता रहा है। विवादास्पद बयानों के साथ मार्कशीट, मारपीट, डकैतों और बदमाशों की धमकियां से जुड़े विवादों की वजह से वो हमेशा चर्चा में रहे हैं। हाल ही में विद्युत डिस्कॉम के एईएन हर्ष दीप्ति वाल्मीकि और जेईएन के साथ मारपीट के आरोप लगे जिसके बाद मुख्यमंत्री को मामले में दखल देना पड़ा जिसकी वजह से उन्होंने जयपुर कमिश्नर के सामने सरेंडर किया।

#### मुझे परेशान किया जा रहा है

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मलिंगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मुझे परेशान किया जा रहा है। सीएम की दवाब वाली राजनीति के चलते मेरे खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया। एईएन और जेईएन मारपीट मामले में मुझे आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज करवाई गई उसमें भी राजनीति हुई है। दिन में 1:20 बजे इस मामले को लेकर एक रिपोर्ट दर्ज हो जाती है, इसके 12 घंटे बाद पर्चा बयान के आधार पर मेरा नाम जोड़ते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी गई। इस मामले को लेकर जब जांच बदलवाने की मांग की गई तो कांग्रेस विधायक होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने मेरी नहीं सुनी। ऐसे में भाजपा की रीति-नीति देखकर पार्टी जॉइन कर ली।

### कर्नल सोनाराम की घर वापसी



- 2008 में बायतु विधानसभा सीट से चुनाव जीते
- 2013 में फिर से चुनाव लड़ा लेकिन कैलाश चौधरी से हारे।
- 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए
- 2018 बाड़मेर विधानसभा से चुनाव में हार गए

वसुंधरा गुटे के माने जाने वाले कर्नल चौधरी चार बार सांसद और एक बार विधायक रह चुके हैं। रविवार को 10 साल बाद फिर से कर्नल की कांग्रेस में घर वापसी कर हुई। कर्नल ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन से मुलाकात कर कांग्रेस जॉइन की है। गौरतलब है कि साल 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। इसके बाद लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीत गए थे। सोनाराम चौधरी को कांग्रेस ने गुड़ामालानी सीट से चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। इससे पहले सोनाराम बीजेपी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन बीजेपी ने कर्नल सोनाराम चौधरी को टिकट नहीं दिया। इससे खफा होकर होकर रविवार को पूर्व सांसद ने कांग्रेस जॉइन कर ली। इधर, वन मंत्री और मौजूदा गुड़ामालानी विधायक हेमाराम चौधरी के चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद कर्नल सोनाराम चौधरी की राह आसान हो गई थी।

### राजेश मांडिया ने आरएलपी पार्टी से दिया इस्तीफा

राजेश मांडिया ने रविवार को आरएलपी पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं। राजेश मांडिया ने आरएलपी पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। राजेश मांडिया ने पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा देते हुए हनुमान बेनीवाल पर कई गंभीर आरोप लगाए।

### भगीरथ चौधरी और प्रशांत सिंह परमार ने कांग्रेस जॉइन की

भाजपा से 2018 में खींवसर से उम्मीदवार रहे भगीरथ चौधरी और बाड़ी से भाजपा से टिकट मांग रहे प्रशांत सिंह परमार ने कांग्रेस जॉइन की। प्रशांत सिंह परमार ने कहा भाजपा में काम करते करते एक बेटा तक शहीद हो गया। बाड़ी से टिकट देने का आश्वासन दिया था लेकिन भाजपा अब 21 मुकदमे वाले नेता को जॉइनिंग कराई और उसे टिकट दे रही है। भाजपा



की कथनी और करनी में अंतर है। प्रशांत सिंह को कांग्रेस ने बाड़ी से टिकट दे दिया है। कांग्रेस में आने के बाद भगीरथ चौधरी ने कहा कि 2013 से खींवसर में काम कर रहा हूं, लेकिन भाजपा में मेरी अनदेखी हुई। भागीरथ के कांग्रेस में आने के बाद उनको खींवसर से टिकट मिलने की चर्चा थी, लेकिन कांग्रेस ने तेजपाल मिर्धा को मैदान में उतारा है।

---

**महेश जोशी से मिलने पहुंचे तिवारी**

# पार्टी का जो निर्णय वो मुझे स्वीकार: जोशी



**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी की हवामहल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की तस्वीर साफ होने के बाद अब प्रत्याशी जीत के लिए एकजुटता बनाने की कोशिश में लग गए हैं। कैबिनेट मंत्री महेश जोशी के दिल्ली से जयुपर लौटते ही हवामहल से कांग्रेस प्रत्याशी आर आर तिवारी उनके घर पहुंचे और जीत के लिए समर्थन मांगा।

उन्होंने अपने प्रधान कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए जोशी को न्योता दिया। महेश जोशी ने सच बेधड़क से बात करते हुए कहा कि आर आर तिवारी से किसी प्रकार की नाराजगी नहीं है, मैं खुलेमन से समर्थन देता हूं। जोशी ने कहा कि तिवारी जैसे पुराने और समर्थक को टिकट मिलने की मुझे खुशी है। पार्टी का जो निर्णय है वह मैं मानता हूं। हम सब मिलकर तिवारी को जिताएंगें। वहीं तिवारी ने कहा कि महेश जोशी ने हमेशा मुझे इज्जत दी, हमारा आपस में प्यार कभी कम नहीं हुआ।

कांग्रेस की गांरटी स्कीम जीत का आधार है, हाईकमान ने जो मुझे टिकट दिया है उसके प्रति मैं नतमस्तक हूं। मैं 47 साल से कांग्रेस की दरियां बिछा रहा हूं। प्रदेश में अब राज नहीं रिवाज बदलेगा। जो भी कार्यकर्ता पहले से साथ लगे हुए थे, वे हमारे साथ हो चुके हैं। हम सब मिलकर कांग्रेस को जिताएंगें। जो पांच साल महेश जोशी ने विकास कार्य करवाए, उनको हम आगे बढ़ाएंगें।

---

**पीसीसी के वॉर रूप में ली बैठक**

# पदाधिकारियों को क्षेत्र में मोर्चा संभालने के निर्देश



**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस में जहां टिकट वितरण की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। वहीं आला नेताओं ने पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कमान संभालने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के वॉर रूप में सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें सहप्रभारी अमृता धवन भी मौजूद रहीं।

दोनों नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस सचिवों एवं जिलाध्यक्षों को गारंटी यात्रा एवं चुनाव प्रचार की विधानसभावार कमान संभालने के निर्देश दिए हैं। बैठक में रंधावा व धवन ने कहा कि प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष प्रदेशभर में कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही गारंटी यात्रा और विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के नामांकन, चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क की कमान संभालें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से घोषित सात गारंटियों की आमजन को जानकारी देने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं।

---

**9 ठिकानों सर्वे की कार्रवाई समाप्त, एक को किया सील**

# आयकर विभाग की छापेमारी में 150 करोड़ की काली कमाई उजागर

**बेधड़क | जयपुर**

बजरी के बड़े ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रैक्टर और उनके सहयोगियों के यहां शुक्रवार को शुरू हुई आयकर छापेमारी व सर्वे रविवार को पूरी हो गई।

विभाग ने 5 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि इस कार्रवाई में करीब 150 करोड़ की काली कमाई का खुलासा हुआ है। कार्रवाई में एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद की गई है, जबकि एक लॉकर से एक किलो 300 ग्राम वजन की सोने की ज्वैलरी को जब्त भी किया गया। कार्रवाई में अधिकारियों ने सात लॉकर्स की पहचान की है, जिसमें से चार लॉकर्स को फ्रीज किया गया। दो लॉकर्स को सोमवार को खोला जाएगा। कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों ने कई डिजिटल उपकरण भी बरामद किए हैं, जिनमें करीब 130 करोड़ रुपए के लेनदेन की सूचनाएं दर्ज हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं, जिनमें नकद में किए गए लेनदेन, जमीनों की खरीद फरोख्त का कच्चा-पक्का हिसाब, दिए गए ऋण से संबंधित प्रविष्ठियां, अन्य काम-धंधों में किए गए निवेश का विवरण, बोगस रूप से माल की खरीद फरोख्त और खर्च में किए गए समायोजन की जानकारियों का उल्लेख है।

### इनके यहां पड़े छापे



विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने बजरी के एक बड़े ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रैक्टर नीलेश घनश्यामभाई गढ़िया, अश्विन घनश्यामभाई गढ़िया, हीतेश घनश्यामभाई गढ़िया, इंजीनियर्स एण्ड इंजीनियर्स प्रा. लि. के निदेशक संजीव जैन, शशिपाल कुमावत, हरीराम गोदारा, इनके रिश्तेदारों व कारोबारी सहयोगियों के यहां कार्रवाई की। नीलेश घनश्यामभाई गढ़िया और इनके सहयोगी बजरी कारोबार के अलावा सिविल कंस्ट्रक्शन के कारोबार में भी सक्रिय हैं। यह लोग राज्य सरकार की विभिन्न निर्माण योजनाओं के लिए टर्न-की प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य करते रहे हैं। इनमें से राजस्थान विधानसभा के सामने बने कांस्टिट्यूशन क्लब, विधायक निवास के अलावा राजस्थान आवासन मण्डल की कुछ परियोजनाओं का कार्य पूरा भी हो चुका है, जबकि कुछ परियोजनाएं निर्माणाधीन है।

### पेन ड्राइव को फेंका फ्लश में

सूत्रों का कहना है कि रविवार को कार्रवाई के दौरान नीलेश घनश्यामभाई गढ़िया के परिजनों ने आयकर अधिकारियों की नजर बचा कर एक पेन ड्राइव को फ्लश में फेंक कर सबूत मिटाने का प्रयास भी किया, लेकिन आयकर अधिकारियों की सर्तकता के कारण यह प्रयास विफल कर दिया गया। जैसे ही पेन ड्राइव को फ्लश में फेंकी गई अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए इसे निकलवाया और इसमें दर्ज करोड़ों रुपए के बेनामी लेनदेन के विवरण को रिकवर किया। इस विवरण की अलग से विस्तृत जांच की जाएगी। इसी तरह नीलेश घनश्यामभाई गढ़िया के सहयोगी इंजीनियर्स एण्ड इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के यहां भी आयकर कार्रवाई से बचने के लिए कुछ डेटा को समाप्त किया गया, लेकिन आईटी विशेषज्ञों की सहायता से इसका विवरण भी वापस जुटा लिया।

### प्रवर्तन निदेशालय की भी नजर

चर्चा है कि पेपरलीक प्रकरण, जल शक्ति मिशन योजना में भ्रष्टाचार आदि की जांच को लेकर राज्य में सक्रिय प्रवर्तन निदेशालय भी अब बजरी के एक बड़े ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रैक्टर नीलेश घनश्यामभाई गढ़िया और उनके परिजनों व सहयोगियों को राज्य सरकार की विभिन्न निर्माण योजनाओं के लिए टर्न-की प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य आदेशों और इसमें हुए भ्रष्टाचार पर नजर रखें है। चर्चा यह भी है कि गढिया और उनके सहयोगियों को राजस्थान विधानसभा के सामने बने कांस्टिट्यूशन क्लब, विधायक निवास के अलावा राजस्थान आवासन मण्डल की कुछ परियोजनाओं के कार्य आवंटन को लेकर की गई शिकायतों की जानकारी ईडी अधिकारियों को भेजी जा रही है, जिससे मामले की जांच हो सके। बताया जाता है कि टर्न-की प्रोजेक्ट्स के नाम पर इन लोगों ने अधिकारियों से मिली भगत और अपने प्रभाव का उपयोग कर सरकार से काफी अधिक मूल्यों पर कॉन्ट्रेक्ट प्राप्त किए और मोटा मुनाफा कमाया व कई स्तर पर अधिकारियों को कमीशन की बंदरबाट की।

## जरूरी खबर

### एक करोड़ 73 लाख के नकली नोट बरामद



**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में पुलिस ने 1 करोड़ 73 लाख रुपए के नकली नोट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय मालव और भरत थाना इलाके में नकली नोट को बाजार में खपाने के लिए लाए थे, उससे पहले ही पुलिस ने इन्हें धर दबोच लिया। पुलिस जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी निवाई से शिवचरण सोनी से लेकर आए थे। इसमें सभी दौ सो रुपए के नोट थे। दोनों आरोपी दुकानों से सामान खरीदने के बहाने इस नकली नोटों को बाजार में चलाने वाले थे। आरोपियों को पकड़ने में एएसआई अशोक सिंह की मुख्य भूमिका रही।

### ग्लाइडर मास्टर्स में सजाई विमानों की आकर्षक दुनिया




**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी सोसाइटी द्वारा आयोजित वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट स्फिंक्स 2023 के अंतिम दिन कई रोमाचंक कार्यक्रम हुए। सबसे ज्यादा रोमांचित करने वाला ग्लाइडर मास्टर्स कार्यक्रम था। इसमें विमानों की आकर्षक दुनिया के बारे में बताया गया। नवाचार, ज्ञान और उत्साह के मिश्रण के साथ तीन दिन के उत्सव का समापन हुआ। फेस्ट में स्टूडेंट्स ने कार्यशालाओं, फ्लैगशिप कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों, टेक टॉक में अपना ज्ञान वर्धन किया। इसके अलावा फेसस्केप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खोज और विजनरी वेंचर्स सहित कई कार्यक्रम हुए। एमएनआईटी निदेशक प्रोफेसर नारायण प्रसाद पाढ़ी ने छात्रों को संबोधित किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**अयोध्या में 22 जनवरी को होगी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा,** समारोह में देशभर से पहुंचेगे रामभक्त

# आज पीले चावल पहुंचेगे जयपुर, जनता को न्योता देगी विहिप

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भागीदारी के लिए विहिप पीले चावल देकर आमजन को आमंत्रित करेगी। रविवार को अयोध्या में हुई अक्षत पूजा के बाद अक्षत पूजा के बाद सनातन संस्कृति स्वरूप पीले चावल लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता रवाना हुए। ये कार्यकर्ता सोमवार को जयपुर पहुंचेंगे। चावल वितरण विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता खंड प्रखंड स्तर तक करेंगे। साथ ही घर-घर में 22 जनवरी को भव्य दीपावली जैसे उत्सव मनाए जाने की भी तैयारियां की जाएंगी। राम



मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात सभी प्रांतों को जिलेवार अलग-अलग तिथि और समय सारणी दी जाएगी। करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक रामलला का भव्य मंदिर लगभग बनकर तैयार है।

### एक जनवरी से किया जाएगा वितरण

वैदिक अनुष्ठान के बाद एक जनवरी से इसका वितरण किया जाएगा। विहिप के क्षेत्रीय प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि विहिप के लगभग 100 स्वयंसेवक और पदाधिकारी रविवार को अयोध्या पहुंचे। उनमें से प्रत्येक को 5.25 किलोग्राम पवित्र चावल सौंपा गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर देश भर के पांच लाख से अधिक मंदिरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रण के लिए पूजित अक्षत 5 नवंबर को देश भर के 45 प्रांतों से अयोध्या धाम पधारे कार्यकर्ताओं को समर्पित किए गए हैं।

### यात्री सुविधा केंद्र की आधारशिला रखी

इस बीच श्री राम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने यात्री सुविधा केंद्र की आधारशिला रखी, जो जन्मभूमि पथ के साथ 3,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा। चंपत राय और निर्मोही अखाड़े के महंत धीरेंद्र दास ने शिलान्यास किया। 22 जनवरी मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए पीएम मोदी ने निमंत्रण स्वीकार किया है। मोदी ने ही राम मंदिर की आधारशिला रखी थी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सम्मिलित होंगे। विश्व हिन्दू परिषद समारोह में देशभर से लोगों को आमंत्रित करने जा रही है। इसके लिए देश भर के पांच लाख मंदिरों में वितरण के लिए रामलला को चढ़ाया गया चावल के स्वयंसेवकों को सौंपा गया। प्रत्येक व्यक्ति धातु के घड़े में 5.25 किलोग्राम पवित्र चावल ले कर विभिन्न क्षेत्रों में जाएगा।

**IT सर्वे:** गणपति प्लाजा के लॉकर अब भी उगल रहे रुपए और गोल्ड

# 432.5 ग्राम सोने का बिस्कुट और 20 लाख रु. नकद जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 23 दिन पूर्व शुक्रवार 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। आयकर अधिकारियों ने हाल ही 15 और लॉकर्स खोले, लेकिन इसमें एक को छोड़कर अन्य किसी भी लॉकर में ऐसी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली, जिसे जब्त किया जा सके।

एक कारोबारी के नाम से संचालित लॉकर में अधिकारियों ने 20 लाख रुपए की नकदी और 432.5 ग्राम सोने का बिस्कुट मिला। लॉकरधारक नकदी के स्रोत और बिस्कुट की खरीद के दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, इसके बाद रविवार को नकदी और सोने को आयकर अधिकारियों ने जब्त कर दिया। अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकरधारकों को छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 6.27 करोड़ से अधिक नकदी व करीब 6.98 करोड़ मूल्य का 11253 ग्राम सोना व स्वर्णाभूषण भी जब्त कर चुके हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई यहां फिलहाल जारी है।



### चार संदिग्ध लॉकर्स फ्रीज

आयकर अधिकारियों का कहना है कि यदि समय विस्तार के बाद भी लॉकर नहीं खोले जाते हैं तो विभाग ऐसे लॉकर्स को फ्रीज कर देगा और लॉकरधारक सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के इन लॉकर्स को खोल नहीं सकेंगे। विभाग ऐसे चार संदिग्ध लॉकर्स फ्रीज कर भी चुका है। उधर, विभागीय अधिकारी कुछ और संदिग्ध लॉकरधारकों को चिन्हित कर उन्हें भी लॉकर खोलने व इन्हें जांच में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### लॉकरधारक पहुंच रहे अफसरों के पास

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बाद विभाग के सख्त रवैये को देखते हुए लॉकरधारक अब अपने लॉकर को खोलने के लिए अधिकारियों के समक्ष पहुंचने लगे हैं। शनिवार व रविवार को यहां ऐसे 15 लॉकरधारक पहुंचे और अपने लॉकर्स खुलवाए। बताया जाता है कि आगंतुक से अधिकारी पहले बयान लेते हैं और उसके बाद खोले जा रहे लॉकर की वीडियोग्राफी कराई जाती है।

### 200 संदिग्ध लॉकरधारकों को नोटिस

सूत्रों का कहना है कि विभाग ने अब करीब 200 संदिग्ध लॉकरधारकों को नोटिस दिए हैं। इनमें से कई अब तक यहां पहुंच कर लॉकर खुलवा भी चुके हैं, लेकिन अब भी करीब दो दर्जन ऐसे लॉकर धारक हैं, जिन्होंने विभाग के स्मरण कराए जाने के बावजूद अपने लॉकर नहीं खोले और समय सीमा बढ़ाने के अनावश्यक बहाने गढ़ रहे हैं। विभाग अब इन सभी के खिलाफ आगे विशेष कार्रवाई करने की रणनीति बनाने में जुटा है।

**डीसीपी लक्ष्मण दास ने संभाला पदभार**

# दिवाली और चुनाव के दौरान यातायात व्यवस्था होगी सुदृढ़



**बेधड़क** | जयपुर

शहरवासियों के लिए रविवार को यातायात पुलिस को नया मुखिया मिल गया है। आईपीएस लक्ष्मण दास ने यादगार स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थित कार्यालय में पुलिस उपायुक्त यातायात के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त दास ने जयपुर कमिश्नरेट में लगे सभी यातायात पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और वर्तमान यातायात व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने लक्ष्मण दास को शहर की यातायात व्यवस्था की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त ने कहा कि उनकी प्राथमिकता त्योहारी सीजन और चुनाव के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके लिए यातायात पुलिस की पूरी टीम को साथ लेकर विशेष प्लानिंग की जाएगी।

### हिस्ट्रीशीटर ने किया आत्महत्या का प्रयास

**जयपुर।** राजधानी के सोडाला थाने की हवालात में बंद एक हिस्ट्रीशीटर ने कंबल का फंदा बनाकर कथित रूप से आत्महत्या करने का प्रयास किया। थानाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट पर आरोपी दीपक बिहारी (25) को शुक्रवार को थाने की हवालात में बंद किया गया था। जब आरोपी से आत्महत्या का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि उसके खिलाफ हत्या, लूट और शस्त्र कानून समेत 14 मुकदमें गंभीर धाराओं में दर्ज हैं और उच्च न्यायालय द्वारा जारी वारंट 15 वां मुकदमा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को उसे उच्च न्यायालय में पेश किया गया और अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### बस स्टॉप तो है, पर वहां जाएं कैसे?



*बेधड़क.जयपुर। राजधानी में सिटी बसों के कई बस स्टॉप के बेहाल हैं। कहीं ऑटो वालों ने मनमर्जी से ऐसी अवैध पार्किंग बना रखी है कि यात्री के लिए बस स्टॉप तक जाने का रास्ता तक नहीं है तो कहीं बैठने के लिए कुर्सियां तक नहीं हैं। ऐसे में मजबूरी में यात्रियों को रोड पर खड़े होकर का बसों का इंतजार करना पड़ता है। हालात बयां करती यह तस्वीर झालाना जीएसआई के पास एक बस स्टॉप की है।*

**चेन स्नैचरों पर अलसुबह पुलिस की कार्रवाई**

# 411 ठिकानों पर दबिश, 101 बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव और त्योहारी सीजन को लेकर शहर में सक्रिय बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। रविवार को पुलिस ने अलसुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 411 बदमाशों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। जहां से पुलिस ने 101 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि चुनावों के दौरान चेन, मोबाइल और पर्स स्नैचिंग के मामलों में वांटेड चल रहे बदमाशों के 411 ठिकानों को चिह्नित कर रविवार सुबह एक



दबिश दी गई। जहां 101 बदमाशों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की जांच करने के बाद 121 स्थाई वारंटों का निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न थानों में लूट, चोरी, स्नैचिंग सहित अन्य आपराधिक मामलों में वांटेड चल रहे बदमाशों पर लगाम लगाने के लिए सभी ठिकानों को चिह्नित करवाए गए।

हर माह में दो बार अलग-अलग श्रेणी के बदमाशों के ठिकानों पर तड़के पांच रेड करवाई जा रही है। इस बार स्नैचरों पर करवाई है। इस तरह की कार्रवाई गोपनीय तरीके से और एक साथ करवाई जाती है, ताकि बदमाशों को इसकी भनक ना लगे और एक साथ दबिश दी जा सके। इस कार्रवाई में डीसीपी ज्ञानचंद यादव, संजीव नैन, राशि डोगरा डूडी और योगेश गोयल के नेतृत्व में 2200 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था।

**जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र के लोगों का आरोप**

# उठाने के बजाय सड़कों पर ही कचरा जला रहे निगमकर्मी!

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में वायु प्रदूषण के कारण हो रही धुंध से हर कोई परेशान है। पिछले दो दिन से हवा में फेल रहे 'जहर' से जहां एक तरफ लोगों को श्वास लेने में परेशानी आ रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रेटर निगम क्षेत्र में इन दिनों सफाई के नाम पर जगह-जगह कचरा जलाए जाने से प्रदूषण फेल रहा है।

लोगों का आरोप है कि यह हरकत निगम कर्मियों की है, वे कचरा उठाने के बजाय आग लगा रहे हैं वो भी खुले में। सबसे ज्यादा दिक्कत ओद्योगिक इलाके में आ रही है। यहां पर रहने वाले वाशिंदों



को कहना है कि पिछले चार-पांच दिन से कारखानों से निकले अपशिष्ट पदार्थ को सड़क किनारे जलाया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। कचरा जलाए जाने की वजह से लोग श्वास भी नहीं ले पा रहे हैं।

### प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा खराब

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आंकड़ों के मुताबिक शहर में पिछले दो दिन से औसतन प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा खराब हो रहा है। वहीं, शहर में ओद्योगिक क्षेत्र में सबसे अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है। रविवार को एक्यूआई सीतापुरा में 279, मानसरोवर का 188, शास्त्रीनगर का 195, मुरलीपुरा का 261, राजापार्क का 229, मालवीयनगर का 280 एक्यूआई का स्तर रहा। इन स्थानों पर प्रदूषण का पीएम 2.5 यानि सूक्ष्म कण रहा, जो सांस लेने पर श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं और श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

### प्रदूषण का स्तर बढ़ने से छाने लगी धुंध

ग्रेटर नगर निगम स्वच्छता के नाम पर कई सारे प्रोजक्ट शहर में चला रही है। निगम के अधिकारी दावा करते हैं कि ग्रेटर निगम के क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। हर घर से कचरा उठाया जा रहा है। दिवाली के त्योहारी सीजन में भी निगम कर्मचारी रात दिन शहर को स्वच्छ बनाने का काम कर रहे हैं। हालात इसके उलट हैं। अधिकतर जगह कचरा नहीं उठ रहा है। ऐसे में सड़क पर कूड़े के ढेर लग रहे हैं।



## जरूरी खबर

### खेत में घुसे तेंदुए को वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू



**अलवर।** जिले के खेड़ली क्षेत्र के धौलागढ़ देवी के गांव नंगली भवाना में रविवार सुबह खेतों में तेंदुआ आ गया। महिलाओं को सरसों के खेत में तेंदुआ दिखा। बाद में वन विभाग की टीम ने आकर रेस्क्यू किया। सुबह करीब आठ बजे महिलएं खेतों के लिए निकली थी। रास्ते में जाते समय खेत में तेंदुआ दिखा। इसके बाद मौके पर जब गांव के लोग शामिल हो गए तो तेंदुआ वहां से भागकर झाड़ियों में छिप गया। सूचना मिलने पर अलवर,भरतपुर की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचीं।

### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्रों का किया उद्घाटन

**टोंक।** कल्प सेंटर फॉर अनफोल्डिंग लर्निंग पोटेंशियल एवं देसाई फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय निवाई एंव झिलाय में बालिकाओं के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्रों का विधिवत उद्घाटन किया गया। दोनों प्रशिक्षण केंद्रों में एक समय में 40 बालिकाएं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। इन प्रशिक्षण केंद्रों को संचालित करने का उद्देश्य बालिकाओं को व्यवसायोन्मुख शिक्षा देना है ताकि आगे जाकर वे आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ीं हो सके। रानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय निवाई में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू अग्रवाल ने किया।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



**भरतपुर।** नदबई के गांव नगला बक्ता में रविवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में बैंड बाजों के साथ महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर परिक्रमा मार्ग से होते हुए यात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन महात्म्य की कथा हुई। व्यासपीठ से कथा का वाचन करते हुए पं. सुरेंद्र कृष्ण ने कहा कि श्रीमद्भगवत का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। 11 नवंबर को हवन एवं भंडारे के साथ कथा विश्राम होगा।

---

**मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप गतिविधियों के तहत हो रहे विभिन्न आयोजन**

# नुक्कड़ नाटक से दिया लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश

**बेधड़क** | टोंक

राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और आमजन को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए कई तरह की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं कम्युनिटी थिएटर टोंक की ओर से शहर में जगह-जगह मतदान जागरुकता के लिए प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक मंचन किए जा रहे हैं।

कम्युनिटी थिएटर के मोहित के वैष्णव ने बताया कि पहले दिन शहर के घंटाघर चौराहे एवं दूसरे दिन सवाई माधोपुर चौराहे पर नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य आमजन को यह संदेश देना है कि लोकतंत्र में मतदान हमारा मौलिक अधिकार है।



लोकतंत्र की जड़ को मजबूत बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के सभी सदस्यों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी अदा करनी चाहिए। मतदान भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें सभी लोगों की भागीदारी अहम है। इस पर्व को हमें सजग नागरिक की दिशा में बिना किसी भय, प्रलोभन एवं भेदभाव के मनाना है। इस दिशा में कम्यूनिटी थियेटर मतदान एवं सामाजिक सौहार्द जागरुकता अभियान में स्वैच्छिक भागीदारी ले रहा है। मतदान जाग एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए जन-जागरण की दिशा में स्थानीय मोहल्लों में प्रभात फेरियां एवं नुक्कड़ नाटक मंचन किया जा रहा है। इसमें कम्यूनिटी थिएटर के कलाकारों की ओर से अभी तक टोंक शहर के विभिन्न चौराहों के साथ-साथ, पीपलू, टोड़ा, उनियारा, अलीगढ़, डिग्गी, मालपुरा, निवाई, दूनी एवं सोहेला आदि जगहों पर नाटक मंचन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी, वृत्ताधिकारी सलेह मोहम्मद, थानाधिकारी कोतवाली जितेन्द्र सिंह सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

#### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

झिलाय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीन्दरा में मतदाता जागरुकता के लिए रिटर्निंग अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार विद्यालय में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्या कृतिका शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं की ओर से दीवार सज्जा, भित्ती चित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के स्वीप कार्यक्रम प्रभारी सम्पति मीणा के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ व सी विजिल एप की जानकारी दी गई।

#### 16 से 22 तक मनाया जाएगा सतरंगी सप्ताह

मतदाता जागरुकता के लिए जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत 16 से 22 नवंबर तक जिले में सतरंगी सप्ताह मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान ने बताया कि सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम के आयोजन का आधार रंग है। रंगों के आधार पर प्रत्येक दिवस अलग-अलग एक्टिविटी आयोजित होगी। इसमें प्रथम दिन बैंगनी, दूसरे दिन नीला, तीसरे दिन आसमानी, चौथे दिन हरा, पांचवे दिन पीला, छठे दिन नारंगी एवं सातवें दिन लाल कलर पर आधारित मतदाता जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने बागी नेताओं को दिया बड़ा संदेश**

# टिकट मिल जाए तो पार्टी मां है, नहीं तो रोड पर करते हैं जलील

**बेधड़क** | उदयपुर

टिकट की मारा-मारी के बीच पार्टी से बागी होकर पार्टी के खिलाफ ही मोर्चा खोलने वाले नेताओं पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने बागी नेताओं को बड़ा संदेश भी दिया। शनिवार देर रात प्रदेशाध्यक्ष जोशी उदयपुर के बलीचा स्थित कृषि उपज मंडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 9 नवंबर को होने वाली सभा का जायजा लेने पहुंचे थे। दौरान उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने पार्टी के बागी नेताओं को लेकर कहा कि अगर पार्टी टिकट दे दे तो उसको मां बताते हैं और टिकट का निर्णय पक्ष में नहीं आए तो नेता चौराहे पर पार्टी को जलील करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह सोचनीय विषय है। पार्टी से बगावत करने वाले नेताओं को लेकर सीपी जोशी ने कहा कि ये कई लोगों के लिए एक सोचनीय विषय है और पार्टी के लिए समर्पण भाव की सीख है। जब निर्णय हमारे पक्ष में होता है तो कहते हैं पार्टी हमारी मां है और कमल का चिह्न ही सब कुछ है।




अगर पक्ष में नहीं होता तो पार्टी को चौराहे पर जलील करते हैं। टिकट को लेकर कई सीटों पर मच रही हायतौबा को लेकर प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि यह विरोध स्वाभाविक है। एक सीट पर कई दावेदार होते हैं, लेकिन टिकट तो किसी एक को ही मिलती है।

पार्टी में डेमेज कंट्रोल पर जोशी ने कहा कि टिकट को लेकर जिनमें नाराजगी है हम उन सभी को मनाकर काम करेंगे। इस चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है।

#### डिबेट से वोट नहीं मिलते

उदयपुर शहर कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से डिबेट में नहीं हरा पाने वाले पर बयान पर जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि डिबेट से वोट नहीं मिलते। लोगों के सुख-दुख में काम आना पड़ता है उनके काम करने होते हैं। वहीं जनता सेना के रणधीर सिंह भींडर के भाजपा में आने की चर्चाओं पर जोशी ने कहा कि अगर उनकी तरफ से निमंत्रण आएगा तो पार्टी फोरम पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबसे पहले उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। अब मात्र 16 स्थानों पर प्रत्याशी घोषित किए जाने बाकी हैं। 3 दिसंबर को भी निर्णय हमारे पक्ष में ही आएगा और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

#### झाला बागियों के लिए एक सीख

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने वल्लभनगर सीट से टिकट मांग रहे भाजपा नेता हिम्मत सिंह झाला के पार्टी के प्रति व्यवहार को उदाहरण के तौर पर बताया। वल्लभनगर में भाजपा नेता झाला टिकट के लिए दावेदारी जता रहे थे, लेकिन इस सीट पर भाजपा ने उदयलाल डांगी को टिकट दे दिया। उदयलाल डांगी ने आरएलपी पार्टी छोड़कर हाल ही में भाजपा की सदस्यता ली थी। झाला को टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने पार्टी के खिलाफ कोई विरोध नहीं किया। इसी बात पर जोशी ने झाला का उदाहरण देते हुए कहा था कि यह पार्टी के प्रति समर्पण है और हमारे लिए एक सीख है। यह उदाहरण है इसके लिए मैं झाला को सेल्यूट करता हूं।

#### जल-जीवन मिशन में घोटाले का आरोप

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जल-जीवन मिशन योजना में घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस योजना में बजट का अधिकांश अंश केंद्र सरकार ने दिया, लेकिन राजस्थान सरकार ने इसमें घोटाला किया। मादी की सभा को लेकर जानकारी देते हुए जोशी ने बताया कि पीएम मोदी की सभा शाम 4 बजे से होगी। उन्होंने कहा कि बीते 5 साल में राजस्थान में जो काम हुए, वे केन्द्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से हुए हैं।

---

**त्योहार की खुशियां मातम में बदलीं**

# तेज रफ्तार ट्रक ने दादा-दादी और पोते को कुचला

**बेधड़क** | कोटा

जिले में एक परिवार के तीन सदस्यों की सड़क हादसे में मौत होने से त्योहारी उल्लास के बीच गमगीन माहौल हो गया। दस साल के पौते और दादा-दादी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों के शव शत-विक्षत होकर सड़क पर इधर-उधर बिखर गए। हादसे को जिसने भी देखा उसकी रूह कांप उठी।

हादसा रविवार शाम 4 बजे कोटा के चेचट थाने से कुछ दूरी पर हुआ। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। चेचट एसएचओ बन्नालाल चौधरी ने बताया कि थाने के पास ही जहां हादसा हुआ वहां स्पीड ब्रेकर है। ग्रामीणों की सूचना पर एसएचओ चौधरी जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बताया कि मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला है। इससे मृतक की पहचान चंद्र प्रकाश (54) पुत्र कल्याण निवासी भोलू और उनकी पत्नी धापू बाई और पौत्र नकुल (10) के रूप में हुई है। हादसे के बाद तीनों के शव को एंबुलेंस की मदद से मोड़क सीएचसी की मोर्चरीमें रखवाया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। एसचएओ ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। जिसे लेकर आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



#### दीपावली की खरीदारी करने आए थे

पुलिस ने बताया कि दादा-दादी और पोता चेचट में खरीदारी कर वापस अपने गांव भोलू लौट रहे थे। तीनों बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान चेचट थाने के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और तीनों को रौंदता हुआ निकल गया। इसके चलते तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

---

**गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक उत्सव 'अद्वितीय आगाज' का आयोजन**

# राजस्थान-पंजाब की संस्कृति साकार

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

पंजाबी और राजस्थानी लोक कलाओं से सराबोर माहौल, शानदार नृत्य प्रस्तुतियों के बीच गूंजती तालियां और हुटिंग करती छात्राएं। ऐसा ही कुछ माहौल रविवार को जिले के श्री आत्मवल्लभ जैन गर्ल्स कॉलेज में दिखाई दिया।

यहां मौका था कॉलेज के सालाना उत्सव 'अद्वितीय आगाज' का। इसमें छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर राजस्थान और पंजाब की संस्कृति को मंच पर साकार कर दिया। एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने दर्शकों को अंत तक कार्यक्रम से बांधे रखा।



ग्रुप डांस की शानदार प्रस्तुतियों के बीच देर शाम कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान जहां घूमर की प्रस्तुति ने राजस्थानी रंग बिखेरा वहीं पंजाबी गिद्दा नृत्य ने पंजाब की संस्कृति का अहसास कराया। मुख्य अतिथि बीकानेर के महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के वीसी मनोज दीक्षित और विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज सत्यनारायण व्यास, एनसीसी की पंद्रहवीं राज बटालियन के कमांडेंट कर्नल संजय जग्गी, गुड शैफर्ड पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर मीनू चिमनी थे।

अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्टूडेंट्स की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। कार्यक्रम के दौरान सुबह से शाम तक ग्रुप डांस की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां हुईं। इस दौरान श्रेष्ठ प्रस्तुतियां देने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मैनेजमेंट कमेटी के नरेश जैन, डायरेक्टर संजय अरोड़ा सहित कॉलेज मैनेजमेंट से जुड़े कई लोग और छात्राएं मौजूद रहीं।

---

**सांप के फुफकारने की आवाज से टूटी परिवार की नींद...**

# कमरे में बेड पर बैठा मिला कोबरा

**बेधड़क** | कोटा

जिले में एक परिवार में करीब ढाई घंटे तक दहशत का माहौल बना रहा। दरअसल घर में घुसे कोबरा सांप के कारण परिवार दहशत में था। मामला कोटा के रानपुर इलाके का है। यहां एक मकान में 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा डबल बेड पर जाकर फन फैलाकर बैठ गया।

कमरे में बच्चे के साथ दंपती सो रहे थे। सांप ने तकिए पर अटैक किया। इस दौरान सांप के फुफकार की आवाज सुनकर दंपती की नींद टूटी और डर के मारे घर के बाहर जाकर बैठ गए। बाद में स्नैक केचर गोविंद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर कोबरा को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। तब जाकर परिवार के लोगों की जान में जान आई। जानकारी के अनुसार, रानपुर इलाके में छोटू लाल का परिवार रहता है। इसमें 2 बच्चों सहित 7 सदस्य हैं।



शनिवार देर रात परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। महिला नीलू ने बताया अचानक रात करीब 2 बजे एक कमरे में अजीब से आवाज आने लगी। उठकर देखा तो डबल बेड पर काला सांप था, जो तकिए पर अटैक कर रहा था। इसके बाद मैने तुरंत पति को जगाया और दो बच्चों को बिस्तर से उठाकर दूसरे कमरे में शिफ्ट किया। इसके बाद पति-पत्नी कमरे के दरवाजे पर बैठकर सांप पर नजर रखने लगे। सांप के लिए एक कटोरी में दूध रखा, लेकिन सांप ने दूध नहीं पिया। उल्टा तकिए पर बार-बार फुफकार मारता रहा।

स्नैक केचर गोविंद शर्मा ने बताया तड़के तीन बजे करीब फोन आया था। सूचना पर चार बजे मौके पर पहुंचा। यहां 5 फीट लंबा कोबरा सांप बेड पर फन फैलाकर बैठा था।

---

**वीडियो पोस्ट कर युवक ने खाया जहर**

# बिलखते हुए बताई पीड़ा, कहा- पार्षद और सभापति मांग रहे पट्टे के लिए घूस

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

सरकारी मशीनरी के जाल में फंसकर एक युवक इस कदर व्यथित हो उठा कि उसने अपनी जान देने का फैसला कर लिया। मरने से पहले युवक ने आंसुओं से अपनी पीड़ा जताई।

युवक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया जिसमें उसने कर्ज से परेशान होने और मकान के पट्टे के लिए पार्षद व सभापति की ओर से रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया है। इस वीडियो में भरत सुथार (34) ने कहा कि 'मैं कर्ज से परेशान हूं, मकान का पट्टा बनवाकर कर्ज से मुक्त होना चाहता हूं, लेकिन मुझे नगर परिषद में चक्कर लगावाए जा रहे हैं। पट्टे के लिए पार्षद और सभापति 50 हजार रुपए रिश्वत मांग रहे हैं। अब मैं सुसाइड कर रहा हूं।' फिलहाल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मामला प्रतापगढ़ शहर के वार्ड नंबर 3 के बगवास का है। प्रतापगढ़ कोतवाली थानाधिकारी भगवान लाल ने बताया कि बगवास निवासी भरत ने शनिवार को घर से 200 मीटर दूर सड़क पर बैठकर वीडियो बनाया। शाम 5 बजे वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया। इसके बाद कीटनाशक पी कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद वह बाइक लेकर निकला तो घर से कुछ दूरी पहले ही रास्ते में तबीयत खराब हो गई। इसकी सूचना राहगीरों ने परिजनों को दी। शाम 6 बजे परिजनों को घटना के बारे में पता चलने पर भरत को जिला अस्पताल लेकर लाया गया। हालत गंभीर होने पर रात 8 बजे उसे उदयपुर के लिए रेफर किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि भरत अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। मामले में जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।



#### दो साल पहले कर्ज लेकर बनाया था मकान

भरत सुधार ने दो साल पहले कर्ज लेकर मकान बनाया था। 5 लाख रुपए से ज्यादा रिश्तेदारों और 2 लाख रुपए 5 फीसदी ब्याज पर बाजार से लिए थे। ब्याज को चुकता करने के लिए के मकान के पट्टे का भरोसे था, ताकि पट्टा बनते ही उनका कर्ज उतार सकें। जब पट्टा नहीं बना तो भरत ने कई बार नगर परिषद के चक्कर लगाए और बार-बार पार्षद को बोला, लेकिन काम नहीं बना। भरत के तीन छोटे बच्चे हैं। माता-पिता खेती करते हैं।

#### सभापति ने बोले- पार्षद करता है वसूली

इस मामले को लेकर नगर परिषद सभापति राम कन्या गुर्जर ने कहा कि पार्षद गोवर्धन वार्डवासियों के पट्टे के लिए आवेदन लेकर आता था। उन लोगों से पैसे भी यही वसूलता था। आवेदनकर्ता को नगर परिषद तक नहीं आने देता। पीड़ित व्यक्ति कई बार नगर परिषद में आकर प्रयास करता था, लेकिन इसे बहाने बनाकर घुमा दिया जाता। पीड़ित का कॉल एक बार मेरे पास आया था। मैंने ऑफिस में बुलाकर उसका पट्टा निकलवाकर दिलाया। पार्षद अधिकारियों के नाम से पैसे लेता है।

#### पार्षद ने कहा- मेरे ऊपर लगे आरोप गलत

वहीं इस मामले को लेकर वार्ड नं. 3 पार्षद गोवर्धन मीणा ने पैसे लेने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगे हैं, वह गलत है। पट्टा बनवाने में मेरा कोई रोल नहीं है। पूरी प्रक्रिया नगर परिषद से होती है। नगर परिषद में जो नियमानुसार रसीद कटती है, उसी के उससे रुपए लिए गए हैं। मौका पर्चा के दौरान इसके खाते में 800 वर्ग फीट जमीन आ रही थी और यह ज्यादा जमीन का पट्टा बनवाने की मांग कर रहा था।

#### वीडियो में माता-पिता से मांगी माफी

सरकार व्यवस्थाओं से आहत होकर आत्महत्या करने वाला युवक भरत फनीर्चर बनाने का काम कर परिवार का गुजर-बसर करता है। वीडियो में उसने अपने माता-पिता से माफी मांगी है। वीडियो में अपने बच्चे और पत्नी का नाम लेते हुए उसने कहा कि मैं नगर परिषद वालों से बहुत परेशान हूं। यह बात मेरी चीनू (पत्नी) को पता है। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक के नाम अपील करते हुए फेसबुक पर एक वीडियो अपलोड किया। भरत सुथार ने वीडियो में बताया कि अपने ही वार्ड के पार्षद गोवर्धन मीणा और नगर परिषद सभापति राम कन्या गुर्जर और उनके पति प्रहलाद गुर्जर मकान का पट्टा बनवाने के मामले में रिश्वत की मांग कर रहे हैं। 24 नवंबर 2021 को 1000 वर्ग फीट के पट्टे के लिए फाइल लगाई थी। 6 अक्टूबर 2023 को 800 वर्ग फीट का ही पट्टा दिया गया। पार्षद गोवर्धन ने पट्टे के लिए नगर परिषद के कर्मचारी विकास को तीन हजार रुपए भी दिलवाए थे।

चुनावी पोळ

टिकट मिल्यो- टिकट कट्यो,
जारी पाळा बदल को शोर
बाग्यां का हाथां उळझ रही,
ठाडां री हार जीत की डोर।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** इस बार आधी से ज्यादा सीटों पर युवा वोट निर्णायक

# जाति-धर्म और पार्टी को नहीं, शिक्षा रोजगार के मुद्दे पर वोट देंगे युवा

**श्रवण भाटी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनावो में इस बार युवाओं के वोट पार्टियों के लिए निर्णायक साबित होंगे। कांग्रेस व भाजपा के साथ ही तीसरे मोर्चे की पार्टियों ने भी चुनावों में युवा वोटर्स को साधने की कवायद शुरू कर दी है। युवाओं में भी वे युवा सबसे ज्यादा पार्टियों की नजर में हैं जो इस चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस बार लगभग 22 लाख वोटर्स पहली बार वोट डालेंगे। युवाओं ने भी इस बार अपने मुद्दों के अनुसार वोट देने का मन बना लिया हैं। युवाओं के अनुसार इस बार चुनावों में महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, पेपर लीक, महिला अत्याचार और क्राइम जैसे मुद्दे ट्रेंड कर रहे हैं।

युवाओं का मानना है कि राजनीतिक पार्टियां अधिकतर धर्म, जाति और समुदाय के मुद्दों में उलझाकर विकास के मुख्य मुद्दों से भटकाव पैदा कर देती हैं और अशिक्षित और कुछ कट्टरपंथी लोग इसी आधार पर मतदान कर देते हैं, लेकिन इस बार प्रदेश में धर्म और जाति के साथ-साथ रोजगार, विकास, नौकरियों सहित मूलभूत विकास सड़क, पानी और बिजली के मुद्दे गरमाए हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में करीब 130 सीटों पर हार-जीत अंतर उन विधानसभा क्षेत्रों में नए वोटर्स की संख्या से कम था।

## युवाओं की मान मनौव्वल में जुटे नेता

राजनीतिक पार्टियों से चुनाव का टिकट लेकर वोट मांगने जा रहे नेताओं को इस बार युवाओं के कड़े सवालों का सामना करना पड़ रहा है। वोट मांगने आ रहे नेताओं को युवा भी अपनी मांगे बताने में जुटे हुए हैं। सभी पार्टियां सरकार में आने पर शिक्षा व रोजगार को बेहतर बनाने की बात कर रही हैं। गौरतलब है कि इस बार प्रदेश में करीब 22 लाख युवा मतदाता मतदान करेंगे और यह युवा मतदाता इस बार चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले चुनावों में हार-जीत का अंतर कम रहने वाली सीटों पर भी इनके वोट निर्णायक साबित होंगे। पिछले 5 सालों में सरकार के काम काज का लेखा जोखा और आगामी चुनावी वादों को लेकर इस बार युवा वोट करेंगे। इस बार चुनावों से पहले युवाओं ने अपने मुद्दों को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। युवाओं में सबसे अधिक पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े हुए मुद्दे चर्चित हैं। युवाओं का कहना है कि चुनाव के समय पार्टियां और प्रत्याशी रोजगार और शिक्षा को लेकर वादे करते हैं, लेकिन फिर भूल जाते हैं। इस बार हम अपना वोट उसी पार्टी और प्रत्याशी को देंगे, जो शिक्षा के स्तर को ऊपर लेकर जाए। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं में होने वाले पेपर लीक पर रोक लगाकर रोजगार देने की बात जो पुख्ता ढंग से करेगा उसी को समर्थन दिया जाएगा। आज का युवा उम्मीदवार की काबिलियत को देख कर अपने मत का प्रयोग करता है। जो जातिगत राजनीति से परे युवा वर्ग के लिए रोजगार का सृजन कर सके, ऐसे उम्मीदवार युवा वर्ग को पसंद हैं। उम्मीदवार की जाति या पार्टी युवा वर्ग के लिए मायने नहीं रखती।



“ मैं विधानसभा चुनावों में पहली बार मतदान करूँगा। मतदान को लेकर अधिक समझ नहीं है। लेकिन फिर भी मेरा वोट उसी उम्मीदवार को होगा जो मेरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के मुद्दों को प्राथमिकता देगा। मेरा वोट किसी पार्टी को ना होकर योग्य और ईमानदार प्रत्याशी को होगा। इस बार अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले नेता को ही मतदान करेंगे।

**महेंद्र कुमार**



“ पिछले 5 सालों में कई अच्छी योजनाएं लाई गई हैं पर उनका पूरा फायदा जनता को मिले ये भी जरूरी है। मैं उस नेता को वोट दूंगा जो जनता तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित कर सके। फ्री इलाज तो ठीक है पर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर भी हों और व्यवस्थाएं भी अच्छी हों तभी इसका फायदा लोगों को मिलेगा। जो नेता विकास की बात करेगा उसी को वोट देंगे।

**कल्पेश कुमार**

“ आजकल ऐसा ही हो रहा है, जिसके पास पैसा है उसी का काम हो रहा है। भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। मैं उस नेता को वोट दूंगा जो जनता की सुने और जनता के काम करे। बेरोजगारी से सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी परेशान है। हमें बेरोजगारी भत्ता नहीं बल्कि रोजगार चाहिए। जो नेता युवाओं के अधिकाधिक रोजगार के लिए काम कर सके ऐसे नेता को वोट देंगे।



**राकेश बैरवा**

“ युवाओं के काम करने वाला ही इस बार हमारा विधायक होगा। प्रदेश की राजनीति में युवाओं को मौका मिलना चाहिए और युवा अधिक से अधिक जीत कर विधानसभा तक पहुंचें। क्योंकि युवाओं की सही मांग युवा विधायक ही उठा सकते हैं। हम अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं में विस्तार करने वाले प्रत्याशी को ही वोट देंगे।



**इरफान खान**

“ प्रदेश में आए दिन बढ़ रहे अपराधों पर लगाम लगनी चाहिए। प्रदेश का क्राइम रेट बहुत अधिक हो गया है। प्रदेश में अपराधों पर लगाम लगाने वाले विधायक बनने चाहिएं। वहीं प्रदेश में बढ़ी बेरोजगारी को दूर करना नई सरकार का मुख्य काम होना चाहिए। परीक्षाओ में पेपर लीक की रोकथाम सबसे ज्यादा जरुरी है। जो नेता ये सब मुद्दे प्रमुखता से उठाए ऐसे नेता को वोट करेंगे।



**सिद्धार्थ कुमार**

**बिहाइंड** द कर्टेन




## वोटर के घर नेताजी... नेताजी के घर ईडी

लिस्ट में नाम आ गया। धूमधड़ाके से नामांकन भी हो गया। अब अगला कदम घर-घर दस्तक। इधर नेता ढोल-मंजीरों और लवाजमे के साथ मतदाताओं के घरों पर दस्तक दे रहे हैं, दूसरी तरफ ईडी नेताओं के घर छापे मार रही है। अब तो लगता है चुनाव और ईडी का चोली-दामन का साथ है। जहां चुनाव वहां ईडी। जैसे राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों की लिस्ट बनाई, वैसे ही ईडी ने नेताओं की बना ली। नेताओं के बाद उनके दोस्तों, अफसरों, ठेकेदारों और रिश्तेदारों तक के नाम शामिल होते चले गए। 'ऊपर' से इशारा मिला नहीं कि रेड शुरू। सीएम हो या सीएस। कब किसके घर का दरवाजा खटखटा दें कोई नहीं जानता। ईडी का छापा पड़ने के बाद ही लोगों को पता चलता है कि नेताजी जनसेवा के नाम पर क्या कर रहे थे। अफसर सरकारी काम ही कर रहे थे या नेताजी के कारोबार में हाथ बंटा रहे थे। घर के अलावा उन्होंने कितने ठिकाने बना लिए थे। ईडी कई चीजें मीडिया में उजागर कर देती है, कई बताने से इनकार कर देती है। हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट तक सवाल पूछते हैं कि करोड़ों रुपए का लेनदेन बता रहे हैं तो मनी ट्रेल भी तो बताओ। पर ईडी गोलमोल जवाब देती है। ब्रह्मास्त्र है ईडी। जिसे चाहे उठा ले, जिसे चाहे गिरफ्तार कर ले। जमानत भी नहीं होती। कुछ जेल में बैठे हैं। कुछ को बिठाने की तैयारी है। नोटों के बंडल दिखा रहे हैं। कहां से और कैसे आ गए। चप्पे-चप्पे पर तो ईसी की जांच हो रही है। ईडी पीड़ित नेता कितनी ही सफाई दे। कोई सुनवाई नहीं। अब जैसे एक राज्य के सीएम का कहना है कि किसी पर दबाव डालकर या मारपीट कर किसी के खिलाफ बयान दिलवाना और इज्जत उछालना आसान काम है। गिनती के नेता हैं जो ईडी के आगे घुटने नहीं टेकते। समन आ जाए तो रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। उल्टा सवाल दाग देते हैं, क्यों बुला रहे हैं। कुछ ऐसे जादूगर हैं जो ईडी वालों पर एसीबी जैसा हथियार चला देते हैं। चुनाव के दिनों में लोगों को कई नजारे देखने को मिलते हैं। पर जो नजारे इस बार के विधानसभा चुनावों में नजर आ रहे हैं वे दुर्लभ हैं। आप भाग्यशाली हैं जो ऐसे नजारे लाइव देख पा रहे हैं। तो देखते रहिये, अभी बहुत कुछ देखना है।

■ **यायावर**

**ई** वॉर

Rajasthan PCC @INCRajasthan · 6h
कांग्रेस की #OPS कानून बनाने की गारंटी से कर्मचारियों को क्या लाभ होगा ?

BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 7h
कभी मंत्री तो कभी विधायक खोलते रहे हैं सीएम साहब की पोल।

कांग्रेस के विधायक भरत सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ईमान मर चुका है।

**थड़ी** पॉलीटिक्स

## चुनाव के टाइम लगता है, असली पावरफुल तो अपुन ही हैं...

**स्थान** टी-स्टॉल **समय** दोपहर 12:15 बजे

**सी स्कीम, जयपुर**

भाई, एक बात तो है, चुनाव पांच साल में नहीं हर साल ही होने चाहिएं। चुनाव के टाइम नेताजी हमें संभालने घर तक आते हैं। चुनाव होने के बाद तो इनके दर्शन ही दुर्लभ हो जाएंगे जैसे पिछले पांच साल में रहे हैं। हर साल चुनाव हों तो मुझे लगता है ये विधानसभा से ज्यादा हमारे मोहल्ले में नजर आएंगे।” चुनावी माहौल है। दंगल की तस्वीर लगभग साफ है, विजेता की तस्वीर आने में भी ज्यादा समय नहीं। शहर की गलियों-मोहल्लों में वोट मांगते नेताओं के काफिले इन दिनों आम हैं। काफिलों में उड़ते फूलों और ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते बच्चों के झुंड हों या चुनावी चकल्लस के रूप में बहस का मुद्दा पा चुके लोग, सभी इस माहौल का जमकर मजा ले रहे हैं। शहर के अलग-अलग ठीयों पर जमने वाली लोगों की मंडलियों में चलने वाली चर्चाओं से राजनीति का स्वरूप व रुख समझने हम पहुंचे सी-स्कीम स्थित एक टी-स्टॉल पर। खौलती चाय के सामने अपने कप का इंतजार कर रहे लोगों में चर्चा चल रही थी चुनावों के दौरान चलने वाली कवायदों की। एक ओर से नेताओं की जगजाहिर कार्यप्रणाली पर बात उठी तो दूसरी ओर से उसका समर्थन किया गया-“सही है भाई, और चुनाव में तो सड़क पर चलते हुए मंत्रीजी के काफिले का डिस्टर्बेंस भी नहीं है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि पांच साल वीआईपी रहने वाले मंत्रीजी अब हमारे बीच में चक्कर काट रहे हैं, हमारे घर आ रहे हैं, ये देखकर लगता है कि असली पावरफुल वीआईपी तो अपुन इच हैं।” ठहाकों के बीच फिर एक कोने से आवाज आई-“गुरु, इस चार दिन की चांदनी को देखकर ज्यादा खुश मत हो। चुनाव हो जाने दे, जैसे ही चुनाव के दिन शाम के 6 बजे और अपना टाइम खत्म हुआ। इतने ही टाइम के राजा हैं अपन। इसके बाद फिर पांच साल वो ही सब झेलना है।” बात में दम था पर इसका समाधान भी तुरंत ही आ गया-“तो इसके जिम्मेदार भी अपन लोग ही हैं। इनको वीआईपी अपन ही बनाते हैं। जिस दिन अपन जाति, धर्म, पार्टी, रुतबा और ऐसी ही चीजों के बेस पर वोट करना बंद करके काबिलियत और काम के बेस पर वोट करना शुरू करेंगे, उसी दिन से सब बदलना शुरू हो जाएगा। भाई, अपन इनको बनाते हैं तो इनको ठीक भी कर सकते हैं।” और इस समाधान के समर्थन के चाय की सभा विसर्जित हुई और सब अपने अपने रास्ते को रवाना हुए।

**पॉली** क्लिक्स



*भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया आमेर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव प्रचार में जुटे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने राजनीति के मैदान में बाजी मारने के लिए जहां आमेर के गुणावता में फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, वहीं खेल के मैदान पर शॉट लगाकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की।*

**पॉली** टून




**चुनावी** इतिहास के झरोखे से



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

# नेहरू की चेतावनी दरकिनार कर चुनाव लड़े हनवंत सिंह जीते, लेकिन नहीं देख पाए जीत

लगभग दो दशक का अंतराल- और चुनाव सभा में गूंज उठे दो नारे। एक महाराजा और दूसरी महारानी। यह विचित्र संयोग जुड़ा जोधपुर संसदीय क्षेत्र में। इस चुनाव का ऐतिहासिक महत्व भी लोकतंत्र की तस्वीर में जड़ गया। एक महाराजा अपनी चुनावी जीत का जश्न भी नहीं देख सके। तो महारानी के माथे जोधपुर सीट पर पहली महिला सांसद का ताज सजा। यह जोड़ा था- भारत की पांच बड़ी देशी रियासतों में सम्मिलित जोधपुर राजपरिवार का- जो नौ कोटि मारवाड़ की प्रतीक मानी जाती थी। स्वाधीनता के साथ देशी रियासतों के विलय तथा राजस्थान के एकीकरण के अगुवा सरदार वल्लभाई पटेल भी मानते थे कि जोधपुर उन रियासतों में है जिन्हें वायबल अर्थात सक्षम रियासत माना गया है। अब लौटते हैं-

पहले नारे के उद्घोषक तत्कालीन जोधपुर राज परिवार के महाराजा हनवंत सिंह के चुनावी सफर पर। कम लोगों को इस की जानकारी होगी कि स्वाधीनता आंदोलन के दौरान युवराज हनवंत सिंह देर रात्रि में भेष बदलकर जोधपुर शहर परकोटे में ब्रिटिश विरोधी नारे लिखे पोस्टर चिपकाया करते थे। इसका खुलासा होने पर युवरानी कृष्णा कुमारी ने सफेद और मटमैले कागजी पोस्टर चिपकाने की देशी गोंद तैयार करने की जिम्मेदारी लेकर अपने जीवन साथी का हौंसला बढ़ाया था।

वर्ष 1952 का प्रथम आम चुनाव-आम जनता लोकतंत्र के इस पहले उत्सव के प्रति उत्सुक थी। प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने भरतपुर में आयोजित आमसभा में राजाओं और महाराजाओं को चुनावों से दूर रहने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे ऐसा करने का प्रयास करेंगे तो उन्हें अपने विशेषाधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा।



पूर्वी राजस्थान से नेहरू की इस धमकी से कई राजपरिवार सहम गए और चुनाव से तौबा कर ली। लेकिन पश्चिमी राजस्थान से इस चुनौती का जवाब 6 दिसम्बर 1951 को हिन्दुस्तान टाइम्स में प्रकाशित हनवंत सिंह के बयान से दिया गया। राजाओं को सक्रिय राजनीति में शामिल होने से कोई नहीं रोक सकता। हमे विशेषाधिकारों के बारे में परेशान होने की जरूरत नहीं। जब रियासतें ही देश के नक्शे से मिटा दी गई हैं तो ये विशेषाधिकार खोखले वादे है। पूर्व राजाओं के पास एक ही रास्ता है- वो प्रजातंत्र के अनुसार अपने को साबित करें। लोगों के सेवक बनकर उनके दिल में घर बनाएं। एक दिखावटी जिंदगी जीने से बेहतर है कि वो देश की मुख्य धारा में जुड़ें।

जोधपुर के प्रमुख कांग्रेस नेता जयनारायण व्यास ने 26 अप्रैल 1951 को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। व्यास ने प्रथम आम चुनाव में विधानसभा के मारवाड़ क्षेत्र की 35 सीटों पर चुनावी तालमेल के लिए महाराजा हनवंत सिंह से चर्चा की। महाराजा ने आधी सीटों की मांग रखी- कांग्रेस ने दस में एक सीट यानि साढ़े तीन या चार सीट। नतीजतन चुनावी आमना सामना। हनवंत सिंह ने अपने समर्थकों को थार मरुस्थल के प्रतीक ऊंट चुनाव चिह्न के साथ मैदान में उतारा। स्वयं लोकसभा सीट के साथ जोधपुर 'बी' क्षेत्र से हमवंत सिंह ने पर्चा भरा। व्यास का महाराजा को चुनाव से परे रहने का अनुरोध व्यर्थ गया। यही नहीं जालोर के आहोर निर्वाचन क्षेत्र से व्यास के सामने माधोसिंह को खड़ा किया गया। **क्रमशः**

### “मैं थासूं दूर नहीं” नारे से बदल गई थी कहानी

अब कहानी की शुरुआत के प्रथम नारे का परिदृश्य निहारें- जोधपुर में गिरदीकोट घंटाघर के मैदान में 1 दिसंबर 1951 की सर्दी उत्साही भीड़ की गर्मजोशी से छू मंतर हो गई। भरतपुर की सभा में नेहरू के भाषण पर हनवंत सिंह की गर्जना लाजवाब थी- मेरे लिए प्रिवीपर्स का क्या मोल। मेरे पास तो आप लोग हो, अनमोल प्रिवीपर्स। और समवेत स्वरों में गिरदीकोट गूंज उठा। ऐसे आत्मीय क्षणों में हनुवंत सिंह का उद्घोष- “मैं थासूं दूर नहीं” जनमानस के दिलो-दिमाग में घर कर गया। मतदाताओं ने महाराजा समर्थकों की मतपेटी अपने वोट से भर दी। कांग्रेस प्रत्याशियों का हाल-बेहाल था। स्वयं जयनारायण व्यास जोधपुर एवं आंतोर से पराजित हुए। बाद में किशनगढ़ से उपचुनाव जीतकर मुख्यमंत्री पद बरकरार रखने की मजबूरी आ गई। इधर चुनाव परिणामों की घोषणा के दौरान हनवंतसिंह का विमान दुर्घटना में निधन हो गया। वह 26 जनवरी 1952 की शाम थी।

# शेयर बाजार: आशंका के बादल छंटे, अब रफ्तार पकड़ने का समय




विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार


अंतरराष्ट्रीय उटापटक से मंदी के शिकार भारतीय शेयर बाजार में अब आशंका के बादल छंटने की उम्मीद हो चुकी है, ऐसे में अब यह माना जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार वापस तेजी की रफ्तार पकड़ सकता है। हालांकि भारतीय शेयर बाजार में इस माह के अंत तक होने वाले पांच बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर भी दिखाई देगा, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए कहा जा सकता है कि दीर्घावधि के लिए बाजार फिलहाल सुरक्षित है। इस सप्ताह जीएसटी संग्रहण में पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी वृद्धि के साथ 1.72 लाख करोड़ रुपए संग्रहण के आंकड़ों ने यह तय कर दिया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति विपरीत अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में भी मंद पड़ने वाली नहीं है, जिससे बाजार में सुधार का रुख देखा गया, इस सुधार को हाल ही अमेरिकी बॉन्ड्स की यील्ड में आई गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी, कंपनियों के बेहतर नतीजों आदि ने और सपोर्ट किया और बाजार में तेजी का माहौल बनने लगा।

पिछले सप्ताह के प्रकाशित लेख में मैंने बाजार को सपोर्ट मिलने के इंतजार का जिक्र किया था, वह सपोर्ट नजर आया और बाजार में फिर सकारात्मक समीकरण बनने के साथ ही दो सप्ताह से चल रही मंदी को ब्रेक भी लगे। ऐसे में निश्चित रूप से वे सभी निवेशक लाभ में रहें होंगे, जिन्होंने मंदी के बावजूद धैर्य नहीं खोया और अपने पूर्व में किए गए निर्णयों को आधार बना कर मजबूत कम्पनियों में निवेश जारी रखा होगा। तकनीकी स्तर पर देखा जाएं तो विशेषज्ञों का कहना है कि निफ्टी सूचकांक जब तक 19400 अंकों को पार करेगा, तब बाजार में मजबूती रहने का अनुमान लगाया जा सकता है। पिछले सप्ताह की बात करें तो 3 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार का रुख रहा है, हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और सुधार के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई की लगातार बिकवाली अभी भी नहीं थम रही। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह भी एफआईआई ने 5522.38 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

> *“विशेषज्ञों का कहना है कि निफ्टी सूचकांक जब तक 19,400 अंकों को पार करेगा, तब बाजार में मजबूती रहने का अनुमान लगाया जा सकता है। पिछले सप्ताह की बात करें तो 3 नवंबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार का रुख रहा है, हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और सुधार के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों एफआईआई की लगातार बिकवाली अभी भी नहीं थम रही।”*

हालांकि इसका जवाब भारतीय संस्थागत निवेशक-डीआईआई दे रहे हैं, पिछले सप्ताह डीआईआई ने 3540.25 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीद की है। आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 580.98 अंक अर्थात 0.91 फीसदी की तेजी रही और बीएसई सूचकांक 63782.80 अंक से बढ़कर 64363.78 अंक पर बंद हुआ। जबकि एनएसई सूचकांक में 183.35 अंक अर्थात 0.96 फीसदी का सुधार रहा और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19047.25 अंक से सुधरकर 19230.60 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक में पिछले सप्ताह 2.00 फीसदी का सुधार रहा, जबकि बीएसई स्कॉलकैप में 1.90 फीसदी की तेजी का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक में भी पिछले सप्ताह 2.29 फीसदी की व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 2.58 फीसदी की तेजी रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां अभी सुधार का रुख जारी है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो शेयर बाजार में गिरावट व अंतरराष्ट्रीय माहौल में तनाव का असर सोने-चांदी पर पड़ रहा है। जयपुर में इस सप्ताह सोने के दामों में 150 रुपए दस ग्राम की गिरावट के साथ यह शनिवार को 62,750 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 600 रुपए की तेजी के साथ 74,050 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सीजन में होने वाली खरीद की संभावनाओं और आगामी शादियों के सीजन के कारण सोने व चांदी के भावों में अब और सुधार की संभावनाएं अधिक है।

इस सप्ताह में बाजार के रुख के बारे में कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में अनिश्चितता के बादल दूर होने के बाद निवेश का माहौल बनेगा, लेकिन फिर भी नए निवेश के लिए निवेशकों को बाजार सेंटीमेंट में और सुधार की प्रतीक्षा करनी चाहिए। कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान समय में दीर्घावधि के लिए अड़ानी पोर्ट, डीएलएफ, भारतीय स्टेट बैंक, भेल, एलएण्डटी फाइनेंस आदि को सुरक्षित माना जा सकता हैं। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में तीन आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिनमें से दो आईपीओ, प्रोटेन ई-गर्व टैक्नॉलोजी और एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड के आईपीओ इस सप्ताह खुलेंगे। इसी तरह एसएमई प्लेटफार्म पर निवेशकों के लिए 4 आईपीओ इस सप्ताह आवेदन करने को उपलब्ध रहेंगे, जिसमें से दो इस सप्ताह नए खुलने वाले आईपीओ हैं। आईपीओ इस बाढ़ में निवेशकों को चाहिए कि वे भारी भरकम प्रीमियम के कारण, आईपीओ में निवेश से पूर्व कम्पनी के वित्तीय कार्य परिणामों और मांगे जाने वाले प्रीमियम के आधार पर जोखिम का आंकलन करने के बाद ही निवेश का निर्णय करें। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो इस सप्ताह कोई नया ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश नहीं हुआ है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## पाक के पास परमाणु बम सहित भयंकर आयुधों का जखीरा

# बारूद के ढेर पर बैठा पाकिस्तान!




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *“भारत का मोस्ट वांटेड अपराधी दाऊद इब्राहिम कराची, इस्लामाबाद और पश्चिमोत्तर प्रांत को अपनी शरणस्थली बनाए हुए है। हाफिज सईद सरीखे आतंकी भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में पाकिस्तान के मुख्य कर्ताधर्ता हैं। पाकिस्तान की सरकार और सेना के समर्थन-सहयोग से ही उसके संगठन ने 2001 में भारतीय संसद और 2008 में मुंबई हमले को अंजाम दिया था।”*

आतंकवाद को प्रश्रय देने का नतीजा है कि पाकिस्तान को बार-बार खून के आंसू रोना पड़ रहा है। उसकी धरती बार-बार लहूलुहान हो रही है और आतंकियों के आगे उसकी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई घुटने के बल पर है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबंद्ध तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के आतंकियों ने पंजाब प्रांत के मियांवाली के ट्रेनिंग बेस पर हमला कर फिर साबित किया है कि बारुद के ढेर पर बैठे पाकिस्तान को कभी भी तबाह कर सकते हैं। इस हमले में तीन विमान नष्ट हुए हैं और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि हमले में शामिल सभी आतंकी मार गिराए गए हैं फिर भी पाकिस्तान खौफजदा है। इसलिए कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकी पहले भी पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बना चुके हैं।



याद होगा 2015 में इन्हीं टीटीपी के आतंकियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर के निकट एयरफोर्स बेस बादाबेर पर हमला कर वायुसेना के 23 कर्मियों समेत कुल 42 लोगों की जान ली थी। तब टीटीपी के आतंकियों ने पाकिस्तानी दावे से इतर 50 सुरक्षाकर्मियों को मार गिराने का दावा किया था। टीटीपी के आतंकियों ने यह हमला पाकिस्तानी सेना द्वारा वजीरिस्तान में आतंकियों के सफाए के लिए चलाए जा रहे जर्ब-ए-अज्ब अभियान से नाराज होकर किया था। उस दरम्यान पाकिस्तान की सेना ने वजीरिस्तान में 2000 से अधिक आतंकियों को मार गिराया था। बदले की कार्रवाई के तौर पर टीटीपी के आतंकियों ने अटारी-बाघा सीमा पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान भीषण आत्मघाती हमलाकर 60 लोगों की जान ली। टीटीपी ने दो कहा था कि यह हमला नार्थ वजीरिस्तान और खैबर इलाकों में सैन्य कार्रवाई का बदला है। उल्लेखनीय है कि टीटीपी पहले ही एलान कर चुका है कि वह जेहाद में इस्लामिक स्टेट के साथ है। मतलब साफ है कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट पाकिस्तान को बर्बाद करने का बीड़ा उठा रखे हैं। मई, 2011 में भी आतंकियों ने कराची के एयरबेस से जुड़े नौ सैन्य अड्डा पीएनएस मेहरान पर हमला कर पाकिस्तान के दो युद्धक विमानों समेत चार इंजन वाला अमेरिकी विमान पी-3 सीएन आरियान को उड़ा दिया था।

यह हमला उस समय हुआ था जब पाकिस्तान की धरती पर अमेरिका द्वारा ओसामा-बिन-लादेन को मार गिराए जाने के बाद हाई अलर्ट घोषित था। 2016 में टीटीपी से जुड़े समूह जमातुल अहरार के एक आत्मघाती हमलावर ने गुलशन-ए-इकबाल पार्क में ईस्टर मना रहे 70 से अधिक लोगों की जान ली। टीटीपी ने कहा कि यह हमला पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर के हत्यारे मुमताज कादरी को दी गयी फांसी का जवाब है। 16 दिसंबर, 2014 को भी टीटीपी के आतंकियों ने पेशावर के सैनिक स्कूल में अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 150 से अधिक निर्दोष छात्रों की जान ली। उस समय भी उन्होंने कहा कि यह हमला जिहादियों के परिवारों पर हमले का जवाब है। मतलब साफ है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

इन हमलों से साफ है कि पाकिस्तान में निर्वाचित सरकारों की नहीं बल्कि उन आतंकी संगठनों की चलती है जिनका मकसद पाकिस्तान में शरिया का राज कायम करना है। इन हमलों से पाकिस्तान को अहसास हो जाना चाहिए कि सांप को दूध पिलाना कितना महंगा और खतरनाक साबित होता है। यह हमला न सिर्फ पाकिस्तानी सरकार और सेना को चुनौती भर है बल्कि इस बात का भी संकेत है कि अगर पाकिस्तान 'गुड और बैड टेररिज्म' के खोल से बाहर नहीं निकला तो वह दिन दूर नहीं जब उसका वजूद समाप्त नजर आएगा।

यह सच्चाई भी है कि आज पाकिस्तान के 65 फीसदी भू-भाग पर आतंकी समूहों का कब्जा है। कौन नहीं जानता है कि पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई जैश-ए-मुहम्मद और जमात-उद-दावा जैसे कई संगठनों को खुलकर प्रश्रय देती है। भारत का मोस्ट वांटेड अपराधी दाऊद इब्राहिम कराची, इस्लामाबाद और पश्चिमोत्तर प्रांत को अपनी शरणस्थली बनाए हुए है। हाफिज सईद सरीखे आतंकी भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में पाकिस्तान के मुख्य कर्ता-धर्ता हैं। पाकिस्तान की सरकार और सेना के समर्थन-सहयोग से ही उसके संगठन ने 2001 में भारतीय संसद और 2008 में मुंबई हमले को अंजाम दिया था। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान को हाफिज सईद की मुंबई हमले में संलिप्तता के ढ़ेरों सबूत उपलब्ध कराए थे, लेकिन पाकिस्तान मानने को तैयार ही नहीं कि इसमें हाफिज सईद की संलिप्तता रही है। जबकि पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली द्वारा अमेरिकी अदालत में स्वीकारा जा चुका है कि 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए हमले की साजिशकर्ताओं में आईएसआई, उसके संचालक मेजर इकबाल और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद की महत्वपूर्ण भूमिका थी। आतंकियों से गठजोड़ के कारण ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान को टेररिस्तान कहा, लेकिन पाकिस्तान सुधरने को तैयार नहीं है। फिलहाल दुनिया भी मान चुकी है कि पाकिस्तान एक टेररिस्तान देश है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने लश्करे तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। ये सभी संगठन पाकिस्तान से संचालित होते हैं और यहीं पर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान इन आतंकी संगठनों को फंडिंग करता है। गत वर्ष पहले अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट से भी उद्घाटित हुआ कि पाकिस्तान के संघ प्रशासित कबायली क्षेत्र (फाटा), पूर्वोत्तर खैबर पख्तुनवा और दक्षिण-पश्चिम ब्लूचिस्तान क्षेत्र में कई आतंकी संगठन पनाह लिए हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक हक्कानी नेटवर्क, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, लश्कर-ए-झंगवी और अफगान तालिबान जैसे अन्य आतंकी समूह पाकिस्तान और पूरे क्षेत्र में अपनी गतिविधियों की योजना के लिए इन पनाहगाहों का फायदा उठाते हैं। गौर करें तो पाकिस्तान में आतंकियों की बढ़ती ताकत सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व बिरादरी के लिए खतरनाक है। इसलिए और कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है और उसके पास सैकड़ों परमाणु बम हैं। उसके पास भयंकर आयुधों का जखीरा भी है। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर बार-बार हो रहे आतंकी हमले से सवाल उठना लाजिमी है कि कहीं आतंकी जमात पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को हासिल करने की फिराक में तो नहीं है? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की यह दलील उचित नहीं कि वह भी आतंकवाद से पीड़ित है। अभी भी उसके पास वक्त है कि वह अपनी धरती पर आतंकवाद को न फलने-फूलने दे। अन्यथा उसे बार-बार खून के आंसू रोने के लिए तैयार रहना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# तुम उधर इस्तीफा दो, मैं तुम्हें टिकट दूंगा!




प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार


नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान नारा दिया था ," तुम मुझे खून दो ,मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा।" पर समय के साथ सब कुछ बदल जाता है। नारे भी बदल जाते हैं। आजादी के बाद छत्तीसगढ़ के बालोद में नेताजी के नारे को बदलते हुए यूं कर दिया, "तुम मुझे दूध दो, मैं तुम्हें आर्थिक आज़ादी दूंगा।" इस नारे ने दुग्ध उत्पादक किसानों की किस्मत बदल दी। वैसे आजकल हर तरफ आर्थिक आजादी के लिए संघर्ष दिखाई दे रहा है। वैसे बदलने में हमारा कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हम अपनी सुविधानुसार चाल, चरित्र और चेहरा बदलते ही रहते हैं , फिर नारे की क्या बिसात।

आजकल पांच राज्यों में चुनाव का शोर है। यहां भी एक नारा बदला हुआ प्रतीत हो रहा है। "तुम उधर स्तीफा दो, मैं तुम्हें टिकट दूंगा।" नारे का असर देखिए, हर तरफ भागमभाग मची हुई है। चुनावों से पहले, कई-कई चरण इधर-उधर हो रहे हैं। कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने दे रहा। टोपियों के साथ एक-दूसरे के प्रति विश्वास भी बदल रहा है। लगता है इन दिनों राजनीति में विश्वास सिर्फ कुर्सी पर ही नहीं बदलता. विचारधारा के भी अब कोई मायने नहीं रह गए हैं। सब एक ही विचार के साथ कुर्सी की धारा में बहने का आनंद लेना चाहते हैं। सबको लगता है कि, 'अभी नहीं तो कभी नहीं।'

बड़े परिवारों के बेटे-बेटियों , देवरानी-जेठानी, बहुओं से लेकर भांजे , भतीजों के बीच यही एक नारा गूंज रहा है। कुछ सयाने ऐसे भी हैं, जो राजनीति में लम्बी रेस के घोड़े हैं। गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र संगम की तर्ज पर परिवारों में विभिन्न विचारधाराओं को प्रवाहित करवा रहे हैं। वे कहते हैं, 'दलों की विचारधाराओं को कहीं भी मिलने से क्यों रोका जाए? आजकल अन्तर्जातीय विवाहों को भी समाज में मान्यता मिल चुकी है। फिर अलग विचारधाराओं वाले दो दलों के परिवार एक क्यों नहीं हो सकते?' हरा हो, सफेद हो या केसरिया. हैं तो राष्ट्रध्वज के प्रतीक। दरअसल, पहले पार्टियां अंगुलियों में गिनी जा सकतीं थीं। अब दलों का दलदल है। टिकट लेने के लिए कई खिड़कियां खुल गईं हैं। ऐसे में कितनी भी सावधानी बरत लीजिए; फिसलने का डर बना ही रहता है। स्पेन में हर साल हजारों लोग 'ला टोमाटीना उत्सव', में टमाटर फेंकते हैं, फिर उन पर खूब फिसलते हैं। हमारे यहां पांच साल में चुनाव के दौरान 'ला टिकटदेना उत्सव', के दलदल में बड़े स्तर पर 'फेंकने', और 'फिसलने', का मौका भी एकबार ही मिलता है। इसमें आपत्ति क्यों की जाती है? टिकट के लिए कर से कमल तक जबर्दस्त होड़ है। इधर पार्टी छोड़ो उधर टिकट तैयार. फूलचंद को, हस्तीमल बनते देर भी नहीं लग रही। राजसी मिजाज वाले झाड़ू उठाने को तैयार हैं और टिकट न मिलने के डर से कुछ हनुमान चालीसा करने को तत्पर दिखाई दे रहे हैं। हर तरफ है आग, बराबर लगी हुई. दूसरे कई दल भी टिकट लहरा कर उम्मीदवारों को ललचा रहे हैं।

फिसलना यहां विचारधारा की बनिस्पत दिल का मामला ज्यादा है! कोई भी अच्छी चीज़ हमें फिसलने को ललचाती है. अब जिसको जो पसंद है, वह उसी तरफ फिसलता है। यहां चुनाव में टिकट लेने से जीतने तक ही फिसलना नहीं होता अपितु कई छोटे दल भी सत्ता का सुख भोगने के लिए फिसलते हैं; या फिसलने के लिए ही बनते हैं। वे बड़े गर्व से कहते हैं कि," जब मखमल की चादर में एक छोटा-सा छेद रह जाए, तो हम बहुमत का पैबंद बनकर, बड़े दल को सत्ता का सुख देते हैं। इसके पेटे अगर अपना पेट भरने के लिए चावल के चार दाने, मांगते हुए फिसलते हैं; तो कौन-सा अपराध करते हैं।"


## नॉलेज कॉर्नर: लाइका ने अंतरिक्ष में इंसान के जाने का मार्ग प्रशस्त किया

# स्ट्रीट डॉग, जिसने दुनिया पर छोड़ी अमिट छाप

तीन नवंबर 1957 इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इस दिन रूस ने स्पूतनिक-2 नाम के अंतरिक्ष यान में लाइका नाम की एक डॉगी को अंतरिक्ष भेजा था। लाइका एक स्ट्रीट डॉग थी और स्वभाव से शांत और स्थिर। यही वजह थी कि वैज्ञानिकों ने लाइका को इस ऐतिहासिक मिशन के लिए चुना। लाइका ने दुनिया के लिए स्पेस में जाने का मार्ग प्रशस्त किया। अब साइंटिस्ट लाइका को भेजने वाले ओरिजिनल फार्मूले में ही सुधार कर आगे बढ़ रहे हैं। मिशन का मकसद अंतरिक्ष में इंसान को भेजना और वहां की स्थिति के बारे में जानना था। दुर्भाग्य से लाइका धरती पर जीवित वापस नहीं आ सकी। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं लाइका के बारे में...

### बेहद शांत स्वभाव

सोवियत संघ के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने स्पुतनिक-2 लांच करने का फैसला किया तो उन्हें तलाश थी एक ऐसे जीव की जिसे वे अंतरिक्ष की यात्रा करवा सकें। तय किया गया कि स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर उसे ट्रेनिंग दी जाए। कई डॉग्स पकड़कर लाए गए। लाइका बेहद शांत स्वभाव की थी, ऐसे में उसे चुन लिया गया। फिर उसकी ट्रेनिंग शुरू हुई। उसे छोटे-छोटे पिंजरों में रखा जाता। स्पेस क्राफ्ट में रवाना करने से पहले उसे काफी सम्मान दिया गया। वैज्ञानिकों ने लाइका को चूमा और इसका वजन बमुश्किल पांच किलोग्राम तथा उम्र



तीन साल थी। इतने छोटे जानवर की जरूरत इसलिए थी क्योंकि स्पुतनिक-2 का साइज आज के एक वाशिंग मशीन जैसा था। मतलब उसी में सारे उपकरण भी लगने थे। लाइका के बैठने की जगह भी बनानी थी। ऐसे में यह किसी चुनौती से कम नहीं थी। हालांकि, वैज्ञानिक यह जानते थे कि लाइका के जीवित लौटने की संभावना न के बराबर है, लेकिन वह इतनी जल्दी मौत के मुंह में चली जाएगी, उन्हें इस बात का अंदाजा बिल्कुल नहीं था। दुर्भाग्य से लॉन्च के कुछ घंटे बाद ही लाइका की जान चली गई थी।

### कैसे गई थी जान?

तकनीकी खामी की वजह से स्पेसक्राफ्ट अंदर से अवन जैसा हो गया। तापमान 90 डिग्री से ज्यादा हो गया। स्पेस सेंटर में मौजूद वैज्ञानिक सब महसूस कर रहे थे। लाइका जब रवाना की गई तब वह बेहद शांत दिखाई दे रही थी, लेकिन उसके दिल की धड़कन तेज हो चली थी। वैज्ञानिकों ने उसकी धड़कन बढ़ते हुए सुना तो धीरे-धीरे शांत होते हुए भी सुना। उन्हें पता चल गया था कि लाइका अब जीवित नहीं बची है। लगभग पांच महीने बाद 14 अप्रैल 1958 को वापसी में यह स्पेस क्राफ्ट विस्फोट के बाद टुकड़ों में बंट गया।

### लाइका का स्मारक बनाया

*रूसी सरकार ने लाइका के सम्मान में साल 2008 में एक स्मारक तैयार कर जनता के लिए खोला, जिसमें लाइका के योगदान को याद किया गया है। मॉस्को में उस जगह पर भी एक छोटा सा स्मारक बना हुआ है, जहां उसे स्पेस यात्रा के लिए ट्रेनिंग दी गई थी। यहां रॉकेट के ऊपर खड़े के श्वान को दर्शाया गया है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों को सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं तक के लिए तरसाया। आज उसकी ये गलतियां भाजपा ही सुधार रही है, जिससे आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
इस चुनाव में #कांग्रेस_की 7गारंटी का विरोध करके भाजपा सिर्फ ये साबित कर रही है कि वो गरीब और आमजन के हितों के खिलाफ है।




## तेलंगाना की चुनाव परिक्रमा: तेज हुआ सियासी घमासान, सीएम चंद्रशेखर राव ने की क्षेत्रीय दलों की हिमायत

# कांग्रेस और भाजपा ने कभी तेलंगाना का झंडा बुलंद नहीं किया: KCR

एजेंसी | हैदराबाद

भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा ने राज्य के लिए गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल राज्य के हितों की बेहतर तरीके से रक्षा कर सकते हैं।

खम्मम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि जनता जानती है कि किसकी जीत तेलंगाना के लिए बेहतर है। उन्होंने कहा, भाजपा, कांग्रेस, दो दल हैं। क्या आपने कभी इन्हें तेलंगाना का



झंडा बुलंद करते हुए देखा है? क्या उन्होंने तेलंगाना के संघर्ष को अपने कंधों पर उठाया? जब भी हमने संघर्ष शुरू किया, तब उन्होंने केवल हमें अपमानित किया, हम पर गोली चलाई और हमें कारागारों में डाल दिया। राव ने आरोप लगाया कि राज्य के कांग्रेस नेता दिल्ली में बैठे अपने आलाकमान से निर्देश लेते हैं।

### क्षेत्रीय दलों का युग आने वाला है

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में क्षेत्रीय दलों का युग आने वाला है और राज्य के हितों की तभी रक्षा की जा सकती है जब क्षेत्रीय दल किरदार हों। राव ने बीआरएस शासन के दौरान खम्मम शहर में हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। सभा में राव ने मुसलमानों से कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के 2004 से 2014 के कार्यकाल में केवल 900 करोड़ रुपए अल्पसंख्यकों के विकास पर खर्च किए गए जबकि बीआरएस सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में अल्पसंख्यकों के कल्याण पर 12 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा, इससे आप समझ सकते हैं कि कैसे प्रत्येक पार्टी काम करती है। आप जानिए कि कैसे आपको वोट बैंक बनाया गया और कैसे आपके मतों को लूटा गया और कैसे आपके साथ अन्याय किया गया।

### सभी वर्गों को साथ लेकर चलेगी बीआरएस

राव ने कहा कि बीआरएस सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहती है। उन्होंने दोहराया कि जब तक वह जिंदा रहेंगे तब तक तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष राज्य बना रहेगा। ज्ञात रहे कि तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा और तीन दिसंबर को मतों की गिनती होगी।

### माकपा के 14 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

माकपा ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करने में विफल रहने के बाद रविवार को 14 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। खम्मम जिले के पलैर से माकपा के राज्य सचिव तम्मीनेनी वीरभद्रम चुनाव लड़ेंगे, जबकि मिर्यालगुडा सीट से पूर्व विधायक जुलकांति रंगा रेड्डी अपनी किस्मत आजमाएंगे। वीरभद्रम ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने पहले 17 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। पार्टी कुछ और सीट पर उम्मीदवार खड़े करने को लेकर चर्चा कर रही है।

### राहुल ने पिछड़ों का उड़ाया मजाक : रेड्डी

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने तेलंगाना में पिछड़ी जाति के नेता को मुख्यमंत्री बनाने की भाजपा की घोषणा का 'उपहास' करने को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता ने अपनी टिप्पणी से पिछड़ी जाति का अपमान किया है। राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा कैसे पिछड़ी जाति के नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है जबकि उसे बमुश्किल से ही कुछ प्रतिशत वोट मिलेंगे।

### राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की उद्घोषणा



**सुकमा**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। छत्तीसगढ़ के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को में सीएम योगी ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर राज्य में 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। योगी ने कहा, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा हो जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश से अधिक छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नौटंकी: केजरीवाल

**चंडीगढ़**। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को 'नौटंकी' करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जिन पर गलत कार्य करने का आरोप लगाती है, उन्हें पार्टी में शामिल होने पर मंत्री पद से सम्मानित करती है। हरियाणा के रोहतक में पार्टी के एक कार्यक्रम उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी ने 'बड़ा पाप या अपराध' किया है और भाजपा में शामिल हो जाता है, तो सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय या आयकर विभाग के अधिकारी कभी उसे छूने की हिम्मत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, वे कहते हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, लेकिन आप मेरी आवाज दबा नहीं सकते।

## MP: पीएम मोदी ने आदिवासियों को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

# बेटों को स्थापित करने के लिए लड़ रहे हैं कांग्रेस के दो नेता

एजेंसी | सिवनी/खंडवा (मप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर आदिवासियों के कल्याण के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए दावा किया विपक्षी पार्टी के दो वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश में अपने बेटों को स्थापित करने और राज्य में पार्टी संगठन पर कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में पहले सिवनी जिले में व फिर खंडवा में चुनाव सभा को संबोधित किया और भाजपा के चुनाव अभियान को गति दी।

उन्होंने सिवनी की जनसभा में कहा, हम उन आदिवासियों के भक्त और पूजारी हैं जिन्होंने राजकुमार राम को पुरुषोत्तम भगवान राम बनाया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस आदिवासियों में भ्रम पैदा कर रही है। उनके मुंह से आदिवासी शब्द अच्छा नहीं लगता। इन्हीं आदिवासियों ने भगवान राम का ख्याल रखा। क्या आदिवासी समाज ने राजकुमार राम को पुरुषोत्तम राम नहीं बनाया? जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई, तो देश में पहली बार आदिवासियों के कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया। मोदी ने कहा, यह हमारी संस्कृति है।



### एमपी में आदिवासी मतों का गणित

मप्र में 17 नवंबर को चुनाव हैं। मप्र की कुल 230 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। करीब 80 सीटों के चुनाव नतीजे आदिवासी समुदाय प्रभावित करता है। सिवनी की चार विधानसभा सीटों में से दो आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं।

### पीएम मोदी के सियासी प्रहार

- कांग्रेस ने आदिसियों के कल्याण के लिए नहीं किया काम
- हम आदिवासियों के भक्त और पुजारी। आदिवासियों ने राजकुमार राम को बनाया पुरुषोत्तम राम
- वाजपेयी के कार्यकाल में बना आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय

### कांग्रेस के शासन के दौरान हुए लाखों करोड़ों रुपए के घोटाले

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन के दौरान लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले हुए थे, लेकिन भाजपा सरकार के दौरान ऐसा कुछ नहीं हुआ और इस प्रकार बचाए गए पैसे को गरीब लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराने वाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच साल तक बढ़ाया जाएगा।

### मध्यप्रदेश को अपना एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेस

पीएम मोदी मोदी ने खंडवा में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते धन जुटाने के लिए मध्य प्रदेश को अपना "एटीएम" बनाना चाहती है। कांग्रेस हमेशा एक परिवार के विकास के बारे में चिंतित रहती है। मोदी ने कहा कि जनता को प्रदेश को कांग्रेस के चंगुल से बचाना है और सुनिश्चित करें कि यह गलत हाथों में नहीं जाए। उन्होंने आरोप लगाया, क्या आप जानते हैं कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में सरकार बनाने के लिए क्यों बेचैन है? वह ट्रैक्टरों में भर भर कर राज्य का पैसा लूटना चाहती है। मोदी ने आरोप लगाया कि जहां भी कांग्रेस की सरकार गलती से बनी है, वहां के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच राज्य को लूटने की होड़ मची हुई है और ऐसी खबरें कर्नाटक से लगातार आ रही हैं। धानमंत्री ने कहा, कई वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस की पैसे की भूख कई गुना बढ़ गई। उन्होंने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे 'डबल इंजन'के विकास का लाभ उठाने के लिए मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए वोट करें। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार एक विशेष मिशन के माध्यम से बैगा, भारिया और सहरिया जनजातियों के कल्याण के लिए 15,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

### क्यों साधा पीएम ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर निशाना

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ हाल में वायरल हुए एक वीडियो में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह कहते सुने जा सकते हैं कि शिवपुरी से एक नेता को टिकट देने से इनकार करने को लेकर उनके सहकर्मी दिग्विजय सिंह के कपड़े फाड़ दें। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस प्रकरण को तवज्जो नहीं देने की कोशिश की और विधानसभा चुनाव से पहले अपनी एकजुटता प्रदर्शित की है।

### डोंगरगढ़ का दौरा, आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात



**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी की तलहटी पर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया में अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह आचार्य विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। अपने 'एक्स' हैंडल पर प्रधानमंत्री ने लिखा, छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का आशीर्वाद पाकर धन्य महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के साथ राजनांदगांव क्षेत्र के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह भी थे। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र उन बीस सीट में से एक है, जहां सात नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा। अन्य 70 निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे।

## मिजोरम में प्रचार थमा, मतदान कल

# एमएनएफ, जेडपीएम और कांग्रेस हैं सभी 40सीटों पर मैदान में

एजेंसी | आइजोल



मिजोरम में सात नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम समाप्त हो गया। राज्य की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान कल होगा। मिजोरम में 4,39,026 महिलाओं सहित 8.57 लाख से अधिक मतदाता चुनाव में 174 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं भाजपा और आम आदमी पार्टी ने क्रमशः 23 और चार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जबकि 27 निर्दलीय उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने रविवार को बताया कि शनिवार तक कुल मिलाकर 10,585 वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और सरकारी अधिकारियों ने घर और डाक मतपत्रों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लियानजेला ने बताया कि 1,276 मतदान केंद्रों में से 149 केंद्र दूरस्थ इलाके में हैं।

### भाजपा 'शानदार मिजोरम' बनाने के लिए प्रतिबद्ध: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भाजपा एक 'शानदार मिजोरम' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस चुनावी राज्य के लोग उनके परिवार के सदस्यों की तरह हैं। मिजोरम के लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रेलवे, स्वास्थ्य, खेल और अन्य क्षेत्रों से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। मोदी ने कहा, हमने आपकी आकांक्षाओं, सपनों और आवश्यकताओं को पूरा करने को सर्वोच्च महत्व दिया है। प्रधानमंत्री का पहले राज्य का दौरा करने और 30 अक्टूबर को ममित में एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम था।

### चुनाव सभा में अखिलेश



*टीकमगढ़। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव रविवार को टीकमगढ़ जिले में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए।*

## छत्तीसगढ़ की डायरी

# कांग्रेस का किसान कार्ड, कर्ज माफ व 3200 रुपए क्विं.पर धान की खरीद

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सियासी घमासान तेज हो गया है। दिग्गज नेता राज्य का चुनावी दौरा कर रहे हैं। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को प्रस्तावित मतदान के लिए प्रचार अभियान रविवार को थम गया। इस बीच, राज्य के सत्ताधारी दल कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र जारी कर राज्य के लोगों से तेंदूपत्ता संग्राहकों को छह हजार रुपए प्रति मानक बोरा देने, किसानों का कर्ज माफ करने और उनसे 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने समेत कई वादे किए हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र का नाम 'भरोसे का घोषणा पत्र 2023-28' रखा है। रायपुर में पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, राजनांदगांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अंबिकापुर में उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने संवाददाता सम्मेलन में घोषणा पत्र जारी किया।

घोषणा पत्र में कहा गया है कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को छह हजार रुपए प्रति मानक बोरा दिया जाएगा तथा चार हजार रुपए सालाना बोनस भी दिया जाएगा। राजनांदगांव में बघेल ने बताया कि राज्य में किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदा जाएगा तथा दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।




### भूमिहीन किसानों को हर साल 10 हजार

बघेल ने कहा कि राज्य में भूमिहीन कृषि मजदूरों को सात हजार रुपए प्रति वर्ष के स्थान पर अब 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिया जाएगा एवं लघु वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 10 रुपए प्रति किलो अतिरिक्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को इलाज के लिए पांच लाख रुपए की जगह 10 लाख रुपए तक मिलेंगे। उनका कहना था कि साथ ही राज्य में सड़क या अन्य दुर्घटनाओं में मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत निशुल्क इलाज की सुविधा होगी।

### घोषणा पत्र में वादे

- तेंद्र पत्ता संग्राहकों को छह हजार रुपए प्रति बोरा मिलेगा
- दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त
- सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा नि:शुल्क
- प्रति सिलेंडर के रिफिल पर 500 रुपए की सब्सिडी
- 17.5 लाख गरीब परिवारों को आवास

### 60 हजार जवान होंगे तैनात

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग के संवेदनशील इलाकों में स्थित 600 से अधिक मतदान केंद्र तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 12 विधानसभा क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में शांतिपूर्ण मतदान के लिए लगभग 60 हजार जवानों को तैनात किया गया है जिनमें से 40 हजार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) तथा 20 हजार राज्य पुलिस के जवान हैं।

### कांग्रेस-भ्रष्टाचार 1 सिक्के के 2 पहलू: नड्डा

**पेंड्रा (छत्तीसगढ़)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जहां भी वह शासन में है, भ्रष्टाचार में लिप्त है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के पेंड्रा शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि यदि कांग्रेस राज्य में फिर से सत्ता में आती है तो 'लूट की गारंटी' निश्चित है। भाजपा प्रमुख ने भ्रष्टाचार को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, उन्होंने शराब, चावल, गोबर खरीद, शिक्षकों के तबादले और लोक सेवा आयोग की भर्ती में घोटाला किया। उन्होंने महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप में कथित घोटाला) के नाम को भी नहीं बख्शा और घोटाला किया। नड्डा ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार असीम दास ने बताया कि चुनाव के लिए भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए दिए गए थे। राज्य में भाजपा उम्मीदवारों प्रबल प्रताप सिंह जूदेव (कोटा सीट) और प्रणव मरपच्ची (मरवाही सीट) के पक्ष में लोगों से मतदान करने का आग्रह करते हुए, नड्डा ने कहा, जब आप भाजपा को वोट देंगे तो मोदी जी द्वारा विकास की पक्की गारंटी है। लेकिन यदि आप बघेल और कांग्रेस को दोबारा चुनेगे तो लूट की गारंटी पक्की है।

## जरूरी खबर

### भूटान नरेश दिल्ली पहुंचे, जयशंकर के साथ की बैठक



**नई दिल्ली।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तीन नवंबर से शुरू हुई अपनी आठ दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को दिल्ली पहुंचे। यहां हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गर्मजोशी से उनकी अगवानी की। वांगचुक की यात्रा तीन नवंबर को गुवाहाटी से शुरू हुई थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने भूटान नरेश के साथ बैठक की। बैठक के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि भारत, भूटान नरेश के मार्गदर्शन के तहत उसके (भूटान के) दीर्घकालिक परिवर्तन के दृष्टिकोण का समर्थन करता है। भूटान नरेश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

### मणिपुर: आठ तक मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध आठ नवंबर तक बढ़ा दिया है। दरअसल बुधवार को यहां मणिपुर राइफल्स के शस्त्रागार को लूटने के इरादे से भीड़ ने सुरक्षा बल के शिविर पर हमला किया, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को हवा में गोलियां चलानी पड़ी थीं। इस घटना के बाद राज्य में इंटरनेट पर प्रतिबंध को बढ़ाने का फैसला किया गया। मणिपुर में गृह मामलों के आयुक्त टी. रणजीत सिंह द्वारा जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। ज्ञात रहे कि मोरेह शहर में मंगलवार को आदिवासी उग्रवादियों ने एक उपसंभागीय पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### आपराधिक कानून: मसौदा रिपोर्ट पर आज बैठक संभव

**नई दिल्ली।** मौजूदा आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयकों की जांच कर रही एक संसदीय समिति मसौदा रिपोर्ट अपनाने के लिए सोमवार को बैठक करेगी। हाल ही में कुछ विपक्षी सदस्यों ने इनसे संबंधित उपायों पर विचार करने के लिए समिति के कार्यकाल को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। गृह संबंधी स्थायी समिति 27 अक्टूबर को तीन मसौदा रिपोर्ट को नहीं अपना सकी, क्योंकि कुछ विपक्षी सदस्यों ने इसका अध्ययन करने के वास्ते अधिक समय देने के लिए दबाव डाला था। कुछ विपक्षी सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष बृज लाल से इसके कार्यकाल में तीन महीने का विस्तार मांगने और अल्पकालिक चुनावी लाभ के लिए इन विधेयकों को नुकसान नहीं पहुंचाने' का आग्रह किया था।

## राहुल गांधी ने केदारनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



*नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राहुल हेलिकॉप्टर से वहां पहुंचे, जहां मंदिर के पुजारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में केदारनाथ मंदिर की अपनी तस्वीरें साझा करते हुए कहा, मैंने उत्तराखंड में केदारनाथ धाम का दौरा किया और दर्शन व पूजा की। हर-हर महादेव।*

## जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से की चर्चा

**नई दिल्ली।** देश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमिर-अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात कर इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न 'गंभीर' स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर ने आमिर-अब्दुल्लाहियन को संघर्ष को बढ़ने से रोकने के महत्व और गाजा में लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

जयशंकर ने शनिवार को इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन से फोन पर बातचीत की थी। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइली शहरों पर अप्रत्याशित हमले करने के बाद इजराइल गाजा में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर रहा है। इस बीच एयरलाइन एयर इंडिया ने भारत से तेल अवीव के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें 30 नवंबर तक निलंबित कर दी हैं। कंपनी ने सात अक्टूबर से इजराइल के तेल अवीव जाने वाली या वहां से आने वालीं उड़ानें संचालित नहीं की हैं।

### राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक अति गंभीर श्रेणी में


# वाणिज्यिक वाहनों और ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध

## सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मियों के वर्क फ्रोम होम के निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के 'अति गंभीर' श्रेणी में होने के मद्देनजर सार्वजनिक परियोजनाओं से संबंधित निर्माण कार्य और प्रदूषण फैलाने वाले ट्रक तथा चार पहिया वाणिज्यिक वाहनों के राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश पर रविवार को प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया।

ये नियम केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के अंतिम चौथे चरण के तहत लागू किए गए हैं, जो राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक के 450 को पार करने से कम से कम तीन दिन पहले लागू किया जाता है। हालांकि, इस बार ये नियम पहले से सक्रियता दिखाते हुए लागू नहीं किए गए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रदूषण से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने वाले वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और एनसीआर के राज्यों से सभी आपातकालीन उपायों को लागू करने के लिए कहा, जिसमें सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए घर से काम करने के निर्देश भी शामिल है। सीएनजी, इलेक्ट्रिक व बीएस-छह मानक वाले वाहन की कर सकेंगे प्रवेश क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना के चौथे व अंतिम चरण के तहत अन्य राज्यों से केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-छह मानकों का पालन करने वाले वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति है।



### सभी प्राथमिक विद्यालय 10 तक बंद

दिल्ली सरकार ने छोटे बच्चों को इस खतरनाक प्रदूषण से बचाने के प्रयास के तहत सभी प्राथमिक विद्यालयों को 10 नवंबर तक बंद करने की भी घोषणा की है। इस बीच, दिल्ली अग्निशमन सेवा ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई स्थानों पर पानी का छिड़काव करने के लिए दमकल की 12 गाड़ियों को लगाया।

### एक्यूआई शाम 7 बजे 448 हुआ दर्ज

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार शाम सात बजे एक्यूआई 448 दर्ज किया गया। दिल्ली के लोगों को सोमवार को भी प्रदूषण से कोई राहत मिलने की संभावना नहीं है, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शहर में बारिश नहीं होने का अनुमान जताया है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि के बीच दिल्ली में रविवार को अपराह्न तीन बजे एक्यूआई 463 दर्ज किया गया।

### पड़ोसी राज्यों में भी स्थिति विकट

वायु प्रदूषण की यह गंभीर समस्या केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी राज्य हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

### अक्षत पूजा हुई, 5 लाख गांवों में बंटेगा चावल

## अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ शुरू

एजेंसी | अयोध्या (उप्र)

अयोध्या में रविवार को 'अक्षत पूजा' के साथ राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अनुष्ठान शुरू हो गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि पर भगवान राम के दरबार में हल्दी और देसी घी के साथ लगभग 100 क्विंटल साबुत चावल की पूजा के साथ 'अक्षत पूजा' का आयोजन किया।

इस पूजित चावल को पांच-पांच किलोग्राम क्षमता वाले पीतल के बर्तनों में पैक किया गया और देश के 45 संगठनात्मक प्रांतों से अयोध्या में एकत्र हुए विश्व हिंदू परिषद के 90 पदाधिकारियों को वितरित किया गया जो 22 जनवरी से पहले इसे पूरे देश में वितरित करेंगे। 'अक्षत', पीतल के कलश में संग्रहीत किए गए थे। इन्हें पूजा के दौरान भगवान राम के सामने रखा गया था। ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने बताया कि



विश्व हिन्दू परिषद के सभी 45 प्रांतों के 90 प्रतिनिधि रविवार को अयोध्या में जुटे । इन प्रतिनिधियों को पांच-पांच किलोग्राम अक्षत दिया गया है। प्रांतों के प्रतिनिधि इसे जिला, ब्लॉक, तहसील और ग्राम स्तर के प्रतिनिधियों के बीच वितरित करेंगे।

राय ने कहा कि अगले साल एक जनवरी से 15 जनवरी तक भारत के पांच लाख गांवों में पूजित अक्षत बांटा जाएगा। राय ने अपील की है कि अभिषेक के दिन हर राम भक्त शाम को सरसों के तेल के पांच दीपक जलाए। अगले साल 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय की गई है।

## महुआ मोइत्रा के मामले में जांच पूरी मसौदा रिपोर्ट के लिए बैठक कल

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

नई दिल्ली। लोकसभा की आचार समिति तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़ी जांच की मसौदा रिपोर्ट पर विचार करने और उसे स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को बैठक करेगी।

समिति द्वारा मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए बैठक आयोजित करने का अभिप्राय है कि



समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अब वह अपनी सिफारिश करेगी। इसके पहले समिति के सदस्य दो नवंबर को पिछली बैठक के दौरान अपनी-अपनी पार्टी के रुख के अनुरूप बंटे दिखे थे। आचार समिति में 15 सदस्य हैं जिनमें बहुमत भाजपा का है।

समिति में शामिल पांच विपक्षी सदस्य दो नवंबर की बैठक से यह आरोप लगाते हुए बाहर निकल गए थे कि सोनकर ने मोइत्रा से उनकी यात्रा, होटल में ठहरने और टेलीफोन कॉल को लेकर निजी और अभद्र सवाल किए हैं। मोइत्रा ने बाद में आरोप लगाया कि बैठक में 'शब्दों से वस्त्रहरण' किया गया।

## हिज्ब-उत-तहरीर के 17 सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने हिंसक कृत्यों के जरिए शरिया आधारित इस्लामी राष्ट्र बनाने का मंसूबा रखने वाले कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर के 17 सदस्यों के खिलाफ एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश में नौ मई को दर्ज एक मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि हिज्ब-के सदस्य अपना कैडर बना रहे थे।

## साझा अभ्यास व मंत्रणा



***उमराय।*** *भारत और मलेशिया के सैनिकों के बीच इन दिनों मेघालय में साझा अभ्यास हरिमाऊ शक्ति जारी है। अभ्यास के दौरान मंत्रणा करते दोनों देशों के सैनिक।*

### सशस्त्र बलों की अहम पहल

# महिला सैनिकों को मिलेंगी अफसरों के बराबर छुट्टियां

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इन नियमों के जारी हो जाने से सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से ये छुट्टियां मिलेंगी, भले ही वे कोई अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक पर कार्यरत हों। इस कदम से सेना में महिलाओं को अपने पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद मिलेगी तथा इससे कामकाजी स्थिति में सुधार होगा। यह निर्णय सशस्त्र बलों में हर रैंक की महिलाओं की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के सिंह के दृष्टिकोण के अनुरूप है। अवकाश संबंधी नियमों के विस्तार से सशस्त्र बलों में महिला-विशिष्ट पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं से निपटने में काफी मदद मिलेगी।



फाइल फोटो

### अभी महिला अधिकारियों के लिए मिलती हैं ये सुविधाएं

अधिकारियों ने बताया कि इस समय महिला अधिकारियों को हर बच्चे के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है। यह नियम अधिकतम दो बच्चों पर लागू होता है। महिला अधिकारियों को संपूर्ण सेवा कार्यालय में 360 दिन का शिशु देखभाल अवकाश मिलता है। इसके लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की वैध तिथि के बाद 180 दिनों की दत्तक ग्रहण छुट्टी दी जाती है।

### बड़े बदलाव की शुरुआत

मंत्रालय ने कहा कि तीनों सेनाओं ने 'नारी शक्ति' का उपयोग करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिकों के रूप में महिलाओं को शामिल करके एक बड़े बदलाव की शुरुआत की है। महिला अग्निवीरों की भर्ती किए जाने से सशस्त्र बल देश की भूमि, समुद्र और हवाई सीमाओं की रक्षा के लिए महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं की बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति से सशक्त होंगे।

### सियाचिन से लेकर युद्धपोतों तक है तैनाती

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनाती से लेकर युद्धपोतों पर तैनात होने के साथ भारतीय महिलाएं अब सशस्त्र बलों में लगभग हर क्षेत्र में बाधाओं को पार कर रही हैं। सैन्य पुलिस कोर में सैनिकों के रूप में 2019 में महिलाओं की भर्ती करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई।

## सर्व में मुस्लिमों, यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाया

एजेंसी | मुजफ्फरपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर हमला बोलते हुए उस पर अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के तहत राज्य के जाति सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों और यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया। मुजफ्फरपुर जिले के पताही में एक रैली में वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, 'इंडि' (इंडिया) गठबंधन वालों ने बिहार की जनता को गुमराह करने के लिए खुद के पिछड़ा समाज का हितैषी होने की बात की थी। उन्होंने कहा, नीतीश जी ने जो जाति आधारित सर्वेक्षण कराए हैं, उसे कराने का फैसला जिस समय लिया गया था जब भाजपा नीतीश सरकार में हिस्सेदार थी और यह भाजपा का फैसला था । शाह ने आरोप लगाया कि लालू-नीतीश की जोड़ी ने सर्वेक्षण में मुस्लिम और यादव समुदाय की आबादी को बढ़ाकर अति पिछड़ा और पिछड़ा समुदाय के साथ अन्याय करने का काम किया। उन्होंने कहा, मैं आज बिहार के पिछड़ा और अति पिछड़ा दोनों समाज को कहने आया हूं कि ये सर्वेक्षण एक छलावा है। हमने इसका समर्थन किया था पर हमें नहीं मालूम था कि लालू जी के दबाव में यादव और मुस्लिम की संख्या बढ़ाकर अति पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय करने का काम नीतीश और लालू करेंगे। इन लोगों ने हमेशा तुष्टीकरण करने का काम किया है ।

**ब्यूटी पेजेंट: समस्कारा रिसोर्ट में टॉप 26 फाइनलिस्ट के बीच हुआ कड़ा मुकाबला**

# एलीट मिस राजस्थान बनीं पीहू चौधरी

**बेधड़क.जयपुर।** रंग-बिरंगी रोशनी के बीच भी आंखों की चमक भारी पड़ रही थी। सुबह जब उठे तो शाम की चिंता और खुशी दिन भर सवाल बनकर मन में रही कि ताज मिलेगा या नहीं? दिन गुजरा और वह शाम आ गई, जिसका सभी को महीनों से इंतजार था। सभी ने बेस्ट दिया और ताज पीहू चौधरी के सिर सजा तो आंखों से खुशी बह निकली। वहीं, जिनको क्राउन नहीं मिल पाया उनकी आंखें भी नम दिखाई दीं। हार-जीत और फैशन का ये नजारा था ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान-2023 सीजन-10 के फिनाले का, जो अजमेर रोड स्थित समस्कारा रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इस दौरान टॉप 26 फाइनलिस्ट के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और अंत में जूरी ने पीहू चौधरी को विनर घोषित किया।



## विनर्स को इलेक्ट्रिक स्कूटी

पेजेंट डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि फिनाले के चीफ गेस्ट डॉ. जगदीश चंद्रा थे तो पेट्रोन जेडी माहेश्वरी और ज्योतिष व वैदिक देवस्थापति आचार्या हिमानी शास्त्री ने फाइनलिस्ट को प्रोत्साहित किया। विनर्स को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्राइज के रूप में दी गई।

## कई राउंड के बाद मिली विजेता

फाइनल की शाम ओपन एयर में आयोजित की गई, जिसमें कई राउंड का आयोजन किया गया। इसमें 26 फाइनलिस्ट ने जूरी के सवालों के जवाब दिए। साथ ही वेस्टर्न, इंडो-वेस्टर्न, ट्रेडिशनल ड्रेसेज पहनकर टैलेंट को दर्शाया। उन्होंने हर क्षेत्र में स्वयं को साबित किया और विनर बनने की कोशिश की। गौड़ ने बताया कि इससे पहले सभी फाइनलिस्ट को 7 दिन की ग्रूमिंग दी गई थी, जिसमें रैंप वॉक, जूरी के सवालों के जवाब देने का तरीका, कॉन्फिडेंस डवलपमेंट, स्पीच स्किल आदि सिखाए गए। इसके बाद हुए फिनाले में सभी ने आत्मविश्वास के साथ परफॉर्म करते हुए राउंड क्लीयर किए।

फोटो: पंकज शर्मा

## राजनीतिक दल मतदाताओं को लोभ देकर हासिल करते हैं वोट



**बेधड़क. जयपुर।** मुक्त मंच की मासिक संगोष्ठी इस बार विधानसभा चुनावों में वादों की अपसंस्कृति विषय पर हुई। विदूषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य में हुई गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने कहा कि आज राजनीतिक दल मतदाताओं को प्रलोभन देकर वोट हासिल करते हैं, जो अनुचूति है। मुख्य अतिथि आईएएस (रि.) अरुण कुमार ओझा ने कहा कि वृहद समाज के लिए बजट की अधिकाधिक राशि खर्च की जानी चाहिए, परन्तु ऐसा नहीं होता। आईएएस (रि.) एआर पठान ने कहा कि पिछड़ों की कोई सुनवाई नहीं होती। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गर्ग ने कहा कि हम तिहरी गुलामी का बोझा ढो रहे हैं। डॉ. सुभाषचन्द्र गुप्त ने कहा, कि राजनेता जनता को भरमाने के लिए पहले तो वायदे करते हैं और उनका लाभ उठाकर समय में आने के बाद जुमले करार दे देते हैं।

## स्वच्छता के साथ अधिक से अधिक मतदान का संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** टीम नमो अगेन-2024 की ओर से सेंट्रल पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता के साथ-साथ आने वाले विधान सभा चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान करवाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में डॉ. विपिन कुमार जैन, डॉ. अंशु जैन, दिनेश कांवट, श्रीराम अग्रवाल, नवीन गांधी, डॉ. राखी, डॉ. त्रिवेणी, आरपी शर्मा, संजीव पाटनी, हरीश कुमार सहित समाजसेवियों व टीम मेंबर्स ने भाग लिया। अंत में डॉ. विपिन जैन ने आए हुए सभी मेंबर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिविर में कानून के जानकारों ने ग्रामीणों को किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ ने जयपुर-अजमेर हाईवे रोड के पास बेगस, संझरिया और मूंदिया रामसर गांवों में उपभोक्ता अधिकारों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के अतिथियों में अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अशका राव शामिल थीं। इनके साथ अधिवक्ता प्रियंका आचार्य और अधिवक्ता प्रभा अग्रवाल शिविर उपस्थित हुए। तीन अलग-अलग दिनों तक आयोजित शिविर में अतिथियों में न्यायाधीश और पैनल अधिवक्ता शामिल रहे। उन्होंने उपभोक्ता कौन है, उनके अधिकार क्या हैं, बिल लेने का महत्व आदि के बारे में बताया।

# City इवेंट्स

## पिंकसिटी में 'धरती धोरां री' में साकार होगी राजस्थानी संस्कृति



**बेधड़क. जयपुर।** शहर में 7 दिवसीय धरती धोरां री लोक संस्कृति महोत्सव के रंग बिखेरेंग तो दिवाली सेलिब्रेशन इस बार 10 दिनों से ज्यादा का होगा। क्योंकि, इन्फोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन की ओर से ये अनूठा समारोह आयोजित किया जाएगा। भारतीय विद्या भवन जयपुर केंद्र चेयरमैन विमल चंद सुराना और कार्यक्रम सचिव राजेन्द्र सिंह पायल ने बताया कि लोकोत्सव 16 से 22 नवंबर तक महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम और उसके परिसर में होगा।

## नृत्य समारोह में दी 8 राज्यों की दस लोक विधाओं की प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित लोकरंग महोत्सव में अलग-अलग प्रदेशों से आए कलाकारों ने लोक विधाओं की प्रस्तुति दी। दूसरी ओर शिल्पग्राम में राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में जयपुराइट्स ने हाथ की कला के दर्शन किए। रविवार को लोक रंग के 8वें दिन राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में 8 राज्यों की 10 लोक विधाओं की प्रस्तुति हुई। महेशाराम मेघवाल ने राजस्थानी वाद्य यंत्रों की संगत पर गणेश वंदना पेश की। असम के कलाकारों ने भोरतल नृत्य की प्रस्तुति दी तो गोवा के कुणबी नृत्य में घूमट की ताल पर महिलाओं ने अच्छी फसल होने पर हर्षित मन के उजागर किए।

## गांव, हवेलियों और जोहड़ में हुआ अनूठा मोमासर उत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** कलाकारों ने मोमासर उत्सव में कला के रंग बिखेरते हुए उत्सवी रंग सजाए। ग्रामीण लोक संगीत आयोजन में हर कलाकार ने अपना बेस्ट दिया और देश-विदेश के कला प्रेमियों को प्रभावित किया। दर्शकों ने भी जमीन पर बैठकर कला को देखा और सम्मान दिया। दुर्लभ गीत-संगीत और कलाओं से रूबरू होने की कोई फीस या कोई टिकट नहीं लिया गया। उत्सव अनूठा इसलिए भी था, क्योंकि इसका आयोजन गांव की हवेलियों में, खुले रेगिस्तानी मैदान में, गांव के जोहड़ जैसी सहज और सुंदर जगहों पर किया गया।

**बच्चों ने किया 'जीवनधारा' का मंचन**

## जिम्मेदारियों के बोझ से दबे पेरेंट्स की उलझन जीवंत



**बेधड़क | जयपुर**

मंच पर बच्चों ने प्ले के जरिए संदेश दिए तो सामने बैठे बड़ों ने उनका उत्साह तालियों से बढ़ाया। बच्चों की परफॉर्मेंस कहीं भी प्रोफेशनल्स अभिनेताओं से कम नहीं थी, जिसे देख हर कोई रोमांचित नजर आया।

ये थे बनीपार्क स्थित गॉडशिप एकेडमी के एनुअल फंक्शन में बिरला ऑडिटोरियम के मंच पर अभिनय और डांस का लोहा मनवाने वाले बच्चे। नाट्य मंचन और नृत्य से 'जीवनधारा' थीम को उन्होंने सैकडों लोगों के सामने साकार किया। प्रिंसिपल डॉ. संगीता भवाल ने बताया कि सर्वांगीण विकास के साथ देवत्व का भाव विकसित कर एक पूर्ण मानव का निर्माण करने के लिए ऐसा आयोजन किया गया।

जीवनधारा से रोजमर्रा की जिंदगी में काम की जिम्मेदारियों के बोझ से दबे पेरेंट्स की उलझन को भी बताया गया। जिंदगी में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब माता-पिता बच्चों का घर बसाकर सोचते हैं कि जिम्मेदारियां पूरी हो गई। इसी बीच मां-बाप और बच्चों के बीच में दूरियां आने लगती हैं। जीवनधारा से यह बताने की कोशिश की गई कि भागदौड़ की जिंदगी में जिंदगी के लिए ही वक्त नहीं बचा। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस विजय कुमार सिंह और ज्योतिष व वैदिक देवस्थापति आचार्य हिमानी जोली ने अभिनय को प्रोत्साहित किया और जीवनधारा थीम से जीवन को समझाने के प्रयास के लिए सराहना की।

**100 से अधिक कैटेगरी में दिए जाएंगे अवॉर्ड**

## IBA-2024 की ट्रॉफी लॉन्च महिमा चौधरी होंगी शामिल




**बेधड़क | जयपुर**

जैसे ही ट्रॉफी से पर्दा हटा फैशन के दीवाने उत्साहित नजर आए। हर किसी ने इस पल को क्लिक किया और गेस्ट ने ट्रॉफी के साथ पोज दिए।

मौका था जारजा में वाधवान इंडिया अवॉर्ड काउंसिल की ओर से आयोजित किए जा रहे इंस्पायरिंग बिजनेस अवॉर्ड्स सीजन 4 की एक्सक्लूसिव ट्रॉफी लॉन्च सेरेमनी का। आयोजक कमल वाधवान, डॉ. अभिषेक पांडे और हरीश सोनी ने बताया कि यह अवॉर्ड का चौथा सीजन है। 100 से अधिक कैटेगरी में पैन इंडिया से आए अवॉर्डीज को उनके क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

अवॉर्ड शो में इंडिविजुअल, ब्रांड्स, एनजीओ जैसी अन्य कैटेगरीज शामिल हैं। अवॉर्ड का आयोजन जयपुर में 1 जनवरी को किया जाएगा, जिसमें बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी शिरकत करेंगी। ट्रॉफी लॉन्च एक्टिविटी में गेस्ट के तौर में पीहू जैन, एकलव्य सिंह, संदीप सरना, मनीष सोनी, कानू मेहता, राजन कायस्थ, मीनू बोहरा, अय्यूब मंसूरी, सुहान खान उपस्थित रहे। लॉन्चिंग प्रोग्राम में मॉडल्स ने स्पेशल रूफ टॉप शूट भी कराया। इस दौरान उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट्स पहनकर पार्टी एंजॉय की। आयोजकों की ओर से लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन करते हुए जश्न मनाया। ओपन एयर में हुए प्रोग्राम में रूफ टॉप से गुलाबी नगरी का नजारा लेते हुए प्रोग्राम में आए गेस्ट ने एंजॉय किया।

**प्री-फेस्ट** दिवाली को और ग्रेसफुल बनाने के लिए दिए टिप्स

# मॉडल्स ने शोकेस किए पांच दिनों की खुशियों के रंग

**बेधड़क | जयपुर**

दिवाली को और ग्रेसफुल बनाने के लिए जयपुर मॉडल्स ने प्री-फेस्ट में उत्सवी रंग बिखेरे। उन्होंने घर की साज-सज्जा से लेकर खुद को संवारने तक कई बातों को शेयर किया, क्योंकि महिलाएं दिवाली पर पांचों दिन अलग और खास दिखना चाहती हैं।

इसके लिए कपड़ों, जूलरी, मेकअप समेत तमाम आइडिया को आजमाती हैं। फेस्टिवल सीजन में गर्ल्स की इसी प्रॉब्लम के सॉल्यूशन और आइडिया मेकिंग के लिए जयपुर मॉडल्स ने लेटेस्ट फैशन ट्रेंड और मेकओवर को इंट्रोड्यूज किया।



### मिनरल मेकअप शोकेस किया

फैशन डिजायनर विजेता जैन और खुशी मोदी ने शरारा, लहंगा और साड़ी का मिक्स ट्रेडिशनल फैशन फ्यूजन इंट्रोड्यूज किया और संजना माधवानी ने खास नेचुरल और इल्यूमिनेटिंग ग्लो का मिनरल मेकअप शोकेस किया।

### इन्होंने दर्शाए फेस्ट के कलर

जयपुर मॉडल्स की ओर से मीनाक्षी, बबिता, आंचल, जिया, दिव्या, अपूर्वा, जाह्नवी, श्रेयांशी, निकिता ने भाग लिया तो शूट मैनेजमेंट रूपल दीक्षित ने किया और फोटोग्राफी ओमी की रही।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 06 नवंबर, 2023





क्रोध की श्रेष्ठ दवा सिर्फ मौन है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**इजराइल-हमास युद्धः अब तक 9,448 फिलिस्तीनियों और इजराइल में 1400 लोगों की हुई मौत**

# गाजा के शरणार्थी शिविर पर अटैक, 38 की मौत



**एजेंसी** | खान यूनिस (गाजा पट्टी)

इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी पर एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया। इसमें कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने आम नागरिकों को राहत देने के लिए इजराइल से कुछ देर के लिए हमले रोकने की अपील की थी, लेकिन इजराइल का कहना है कि वह गाजा में हमास शासकों को कुचलने के लिए अपने हमले जारी रखेगा।

गाजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,448 हो गई है। इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने कहा कि गाजा सिटी में रह रहा हर व्यक्ति अपनी जान को खतरे में डाल रहा है।




## यूरोप में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन, फ्रांस की राजधानी पेरिस, जर्मनी की राजधानी बर्लिन और अन्य यूरोपीय शहरों में फिलिस्तीन समर्थक हजारों लोगों ने गाजा में इजराइली बमबारी रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन इजराइल-हमास युद्ध में हताहत हुए लोगों की बढ़ती संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर यूरोप के खासकर उन देशों में बढ़ रहे असंतोष को दर्शाते हैं, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है। गाजा में इजराइल की जवाबी कार्रवाई के विरोध में पेरिस की एक रैली में हजारों प्रदर्शनकारी शामिल हुए।

## फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मिले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** इजराइल-हमास युद्ध पर अपनी पश्चिम एशिया कूटनीति के तहत अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक का दौरा किया और फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की। इस यात्रा का उद्देश्य गाजा पट्टी में नागरिकों के कष्ट को कम करना और संघर्ष बाद के परिदृश्य में क्षेत्र के लिए खाका तैयार करने की शुरूआत करना है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बिना किसी पूर्व घोषणा के ब्लिंकन ने कड़ी सुरक्षा के बीच बख्तरबंद वाहनों से रामल्ला की यात्रा की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कोई बयान का जारी नहीं होने का तात्पर्य यह तो नहीं है कि बैठक ठीक-ठाक नहीं रही।

**महाविनाशक परमाणु मिसाइल 'बुलावा' का किया परीक्षण**

# यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने दिखाई न्यूक्लियर ताकत

**एजेंसी** | मॉस्को

रूसी सेना ने रविवार को कहा कि उसने परमाणु हमले करने में सक्षम एक नयी परमाणु पनडुब्बी से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ रहे तनाव के बीच यह रिपोर्ट आई है। उन तनावों को बढ़ाते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बीते सप्ताह वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के रूस के अनुसमर्थन को रद्द करने वाले एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे। साथ ही, मॉस्को ने कहा था कि अमेरिका के साथ समता स्थापित करने की आवश्यकता है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रणनीतिक मिसाइल पनडुब्बी 'इंपीरेटर अलेक्जेंडर-3' ने रूस के उत्तरी व्हाइट सी में पानी के भीतर से बुलवा मिसाइल को दागा गया, जिसने कामचटका के सुदूर-पूर्वी क्षेत्र में एक लक्ष्य पर हमला किया। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह परीक्षण कब हुआ।



## एक बार में तैनात की जा सकती हैं '16 बुलवा'

'इंपीरेटर अलेक्जेंडर-3', नई बोरेई श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों में से एक है, जिस पर एक बार में 16 बुलवा मिसाइलें तैनात की जा सकती हैं। यह आने वाले दशकों में देश की परमाणु ताकतों के मुख्य नौसैन्य घटक के रूप में काम कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पनडुब्बी का बैलिस्टिक मिसाइल दागना अंतिम परीक्षण है। इसके बाद इसे नौसेना के बेड़े में शामिल करने पर निर्णय लिया जाएगा।

## यूक्रेन ने क्रीमिया में शिपयार्ड पर हमला किया

रूस की सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने क्रीमिया के एक शिपयार्ड पर मिसाइल हमला किया, जिसमें एक रूसी जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेन के बलों ने क्रीमिया प्रायद्वीप के पूर्वी शहर कर्च में जालिव शिपयार्ड पर 15 क्रूज मिसाइलें दागीं हैं। हवाई रक्षा प्रणाली ने 13 मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अन्य शिपयार्ड पर जा गिरीं और एक पोत को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**मेक्सिको।** मेक्सिको के शहर प्यूब्ला के बाहरी इलाके में संभवतः चोरी के ईंधन संबंधी विवाद के चलते मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। ऐसा प्रतीत होता है कि ये पांच लोग दो गैस टैंकर ट्रकों की सुरक्षा कर रहे थे, तभी उन पर हमला किया गया।

## जर्मनी: 18 घंटे बाद खुला हवाई अड्डा

**एजेंसी** | बर्लिन

हैमबर्ग हवाई अड्डे में अपनी ही बच्ची के साथ जबरन घुसे एक व्यक्ति को 18 घंटे बाद गिरफ्तार किए जाने के उपरांत हवाई अड्डे पर बंधक की स्थिति समाप्त होने की रविवार को घोषणा कर दी।

अधिकारियों ने कहा कि चार वर्षीय बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है। इससे पहले, जर्मनी में पुलिस ने हैमबर्ग हवाई अड्डे पर बंधक बनाए जाने के हालात बनने की वजह से यात्रियों को रविवार को हवाई अड्डे का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी थी।

हवाई अड्डे में शनिवार रात को एक हथियारबंद व्यक्ति अपने वाहन में सवार होकर एक प्रवेश द्वार से घुसा और हवा में दो बार गोली चलाई, जिसके बाद हवाई अड्डे को यात्रियों के लिए बंद कर दिया गया और उड़ान सेवाएं रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आरोपी की पत्नी ने एक बच्चे की अपहरण की आशंका को लेकर पहले उससे संपर्क किया था।

**आबादी में 40% की गिरावट**

# विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे जिराफ

**एजेंसी** | यूनिवर्सिटी पार्क

जिराफ दुनिया के सबसे ऊंचे स्तनधारी प्राणी और अफ्रीका के प्रतीक हैं, लेकिन वे भी विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहे हैं।

पिछले 30 वर्षों में जिराफ की आबादी में 40 प्रतिशत की गिरावट आई है और अब जंगल में 70,000 से भी कम जिराफ बचे हैं। उनकी संख्या में इस चिंताजनक गिरावट के कारण क्या हैं और इस विशाल जानवर की सुरक्षा के लिए क्या किया जा सकता है? जिराफों के लिए पांच सबसे बड़े खतरों में पर्यावास का सिकुड़ना, अपर्याप्त कानून प्रवर्तन, पारिस्थितिकी परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन और जागरूकता की कमी शामिल हैं।

एक्सपर्ट्स इन खतरों और उन्हें बचाने के लिए क्या किया जा रहा है, इस बारे में बताते हैं। पेंसलवेनिया यूनिवर्सिटी के डेरेक ई. ली ने कहा कि मैं उस अध्ययन के बारे में भी बताऊंगा जिसका मैं हिस्सा था और जिसमें जिराफ के विलुप्त होने के खतरे के संदर्भ में जोखिम की रैंकिंग की गई थी। साथ ही यह भी कि क्या मानवीय कार्य उस खतरे को कम कर सकते हैं।



## अवैध शिकार का बड़ा खतरा

जिराफों के लिए एक और बड़ा खतरा उनका अवैध शिकार है। यह आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह की ओर से नियंत्रित होता है। इस खतरे से निपटने के मद्देनजर वन्यजीव की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून प्रवर्तन सबसे अच्छा विकल्प है।

## पर्यावास का क्षरण और हानि

जिराफों को खाने के लिए प्रचुर मात्रा में झाड़ियों और पेड़ों के साथ सवाना के बड़े क्षेत्रों की आवश्यकता होती है। खेती और मानव बस्ती विस्तार जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण जिराफों के पर्यावास में कमी आ रही है, जो इस जानवर के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। जिराफ की संख्या में हालिया गिरावट का मुख्य कारण संरक्षित क्षेत्रों के बाहर पर्यावास को क्षति पहुंचना है। उत्तरी तंजानिया में मसाई जैसे पारंपरिक चरवाहे प्राकृतिक सवाना के बड़े स्थानों को बरकरार रखते हैं, जहां वन्यजीव के साथ ही मानव आवास भी होता है।

**भूकंप से जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिलों में सबसे अधिक तबाही**

# राहत और बचाव कार्य में जुटा नेपाल

**एजेंसी** | काठमांडू



नेपाल के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र में शुक्रवार को आए भूकंप के कारण कम से कम 157 लोगों की मौत होने और भीषण तबाही मचने के बीच हिमालयी देश के प्राधिकारी बचाव एवं राहत कार्य में जुटे हैं। इस त्रासदी में मारे गए कुल 157 लोगों में से 120 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इस भूकंप में करीब 253 लोग घायल हुए हैं। भूकंप ने जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिलों में सबसे अधिक तबाही मचाई।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने रविवार को एक कैबिनेट बैठक की। इसमें उन्होंने भूकंप में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को तत्काल राहत के रूप में दो-दो लाख रुपए नकद देने का फैसला किया। नेपाल सरकार ने भूकंप में घायल हुए लोगों का निशुल्क उपचार कराए जाने का निर्णय लिया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl